संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



देशभर में ईद उल फित्र का त्यौहार पूरे अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाया जा रहा है। तमाम ईदगाहों और छोटी-बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 100 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, मैं फल जरूर दूंगा।"

-भागवद् गीता

## मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -विवेकानंद"

# कांग्रेस ने नौकरियों में भी लूट के मौके तलाशेः मोदी

= पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं पैदा हुआ है, मैं काम करने के लिए पैदा हुआ हूं

### मोदी की गारंटी

8 मोदी बोले, कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का काम किया। बीजेपी ने उसे जवाबदेही मानकर पूरा किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**धौलपुर-करौलीः** राजस्थान में लोकसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को करौली-धौलपुर लोकसभा पहुंचे। बीजेपी ने यहां इंदू देवी जाटव को अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात से आता हूं, पानी की दिक्कतों को भली भांति समझता हूं। हम हाथ जोड़कर बैठे नहीं रहते। मोदी बोले, कांग्रेस ने पानी में पैसा कमाने का काम किया। बीजेपी ने उसे जवाबदेही मानकर पूरा किया। मोदी ने कहा कि आने वाले सम में यहां घर-घर पानी पहुंचेगा, यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने नौकरियों में भी लूट के मौके तलाशे। कांग्रेस के राज में पेपर लीक इंडस्ट्री तैयार हो गई। मोदी ने गारंटी दी कि मोदी की सरकार आएगी तो पेपर लीक माफिया जेल जाएंगे। मोदी ने पूछा कि बताइए कि मोदी की गारंटी पूरी हो रही है कि नहीं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी आराम करने के लिए नहीं पैदा हुआ है। मैं काम करने के लिए पैदा हुआ हूं।

पीएम मोदी ने इंडी अलायंस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग मोदी को कितनी गालियां दे दें, लेकिन जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है उन्हें जेल जाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने का कहा कि करौली-धौलपुर की यह धरती भक्ति और शक्ति की धरती है। यह उस बृज का क्षेत्र है, जहां की रज भी सर पर धारण करते हैं। यहां आपका यह आशीर्वाद देश के लिए बड़ा संदेश है। चार

### पीएम मोदी ने कई योजनाओं का किया जिक्र



**पीएम** मोदी ने किसान सम्मान निधि का जिक्र करते हुए कहा कि करौली-धौलपुर के सवा तीन लाख किसानों के खातों में 700 करोड़ रुपये से अधिक भेजे गए हैं। करौली में 80 हजार से ज्यादा किसानों को पशुओं के लिए डेढ़ लाख से ज्यादा टीके मुफ्त टीके उपलब्ध करवाए हैं। राजस्थान में मोटा अनाज होता है। पहले मोटा अनाज पैदा करने वाले किसानों को कोई पूछता नहीं था। हमने दुनिया को बताया कि हमारा मोटा अनाज सुपर फूड है। आज वही मोटा अनाज श्री अन्न के रूप में जाना जा रहा है। पिछले वर्ष अमेरिका में व्हाइट हाऊस में मुझे निमंत्रण मिला। वहां भोज में सब कुछ वेजिटेरियन था और वहां हमारा मोटा अनाज भी था।

इससे राजस्थान के किसानों को बहुत बड़ा लाभ होने जा रहा है। एनडीए सरकार की तमाम योजनाओं का जिक्र किया।

### मोदी ने देश बचाने का काम कियाः सीएम भजनलाल

**सीएम** भजनलाल शर्मा ने कहा कि कोरोना की महामारी में पूरी दुनिया घबराई थी। लोग कहते थे कि इतना बड़ा जनसंख्या वाला देश भारत का क्या होगा? लेकिन प्रधानमंत्री ने हमारे देश को बचाने का काम तो किया, बल्कि दुनिया के 100 देशों को वैक्सीन देने का काम किया। रक्षा सौदों में हम विदेश पर निर्भर रहते थे। आज हम रक्षा सौदे में पूरा सामान बनाने का काम करते हैं और हमारे मित्र देशों की जरूरत भी पूरी हो रही है। अब शिक्षा और मेडिकल के क्षेत्र में भी हम आगे हैं। वंदे भारत 2019 में पहली बार शुरू की और आज सभी प्रदेश इससे जुड़ चुके हैं।

### बटन ऐसे दबाइए ताकि पापियों को मिलेः मोदी

**मोदी** ने कहा कि आज मैं आपको कांग्रेस का महापाप बताता हूं, जो उन्होंने राजस्थान के सम्मान और पहचान के साथ खिलवाड़ किया था। कांग्रेस ने राजस्थान में तुष्टिकरण का खेल खेला। यह वह धरती है, जो मदन मोहन जी के विग्रह के लिए बलिदान देने के लिए तैयार हो गई। उसी धरती पर कांग्रेस मंदिरों को गिराने के लिए तैयार हो गई। यहां राम मंदिर की शोभायात्रा पर पत्थरबाजी हुई। जिस धौलपुर ने भव्य राममंदिर के लिए पत्थर भेजे। उसी राम मंदिर पर कांग्रेस के लोग कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इनकी साथी पार्टी सनातन को नष्ट करने की बात करते हैं और कांग्रेस वाले मौन खड़े रहते हैं। इस बार जब 19 तारीख को वोट देने जाएं तो बटन ऐसे दबाइए ताकि पापियों को सजा देने संतोष मिले। पीएम ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा कि कश्मीर से 370 हट गया तो इसमें राजस्थान का क्या वास्ता।

## तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन पर कोर्ट की सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय तटरक्षक बल में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का विरोध किया रहा है, जबकि सेना, वायुसेना और नौसेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन का लाभ मिल रहा है। इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर विचार करने का फैसला लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित याचिका को अपने पास स्थानांतरित कर लिया। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सेना, वायुसेना और नौसेना की अन्य शाखाओं में समान रूप से नियुक्त महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों के आलोक में यह निर्देश दिया।

हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें उप कमांडेंट के रूप में सेवा जारी रखने की अंतरिम राहत से इन्कार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का विरोध करने के लिए तटरक्षक बल को फटकार लगाई थी।

## सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगेः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीकानेरः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि केंद्र में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हम तीस लाख सरकारी नौकरियां लोगों को देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राजस्थान के अनूपगढ़ में गुरुवार को बीकानेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गोविंदराम मेघवाल के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए राहुल ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून लागू करेंगे। अगर नरेन्द्र मोदी उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्जा माफ करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की दो सौ सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं।

हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं।



### वादा

8 पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। सरकारी संस्थाओं में काम करने वालों को परमानेंट नौकरी दी जाएगीः राहुल

## 'हम देश के लिए खून बहाने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने देंगी। ईद के मौके पर कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चुनाव में दंगा कराने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको उनके झांसे में नहीं फंसना है।'



**'हम अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे':** ममता बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की ईद है, ताकत देने वाली ईद है। ममता बनर्जी ने कहा कि 'कुछ लोग चाहते हैं कि इस चुनाव के दौरान एजेंसियों के नाम पर लोगों को डराया जाए। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं उनसे (भाजपा) कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।'

## घमंडिया गठबंधन की भाषा निचले स्तर पर पहुंचीः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने आईएनडीआई गठबंधन के नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले पर पलटवार करते हुए उनकी चुनावी भाषा को निचले स्तर का बताया। भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष का प्रचार स्तर इतना नीचे गिर गया है कि वे 'मोदी जी मरेगा' की बात कर रहे हैं। लालू जी की बेटी और राजद की नेता मीसा जी ने कहा है कि मोदी जी को जेल भेजा जाएगा। देश सुनना चाहता है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा या नहीं। विपक्ष का अभियान इस स्तर पर है कि कोई नेताओं को जेल भेजने की बात कर रहा है और कोई मौत की बात कर रहा है।

## महिला विरोधी है कांग्रेस की दुष्ट सोचः कंगना रनौट

**राज अग्रवाल**
**मनालीः** मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौट का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका। मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है, नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर



कीचड़ उछालने में लगी है। लोकसभा मंडी की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौट ने कहा कि एक पप्पू दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा पप्पू हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। कंगना ने बिना नाम लिए ही कहा कि कांग्रेस का छोटा पप्पू एक नंबर का पलटू है। उन्होंने कहा कि हिमाचल किसी की जागीर नहीं है जो मुझे यहां से बाहर फेंक दोगे। उन्होंने कहा कि मैंने बिना अपने मां बाप के नाम का सहारा लिए अपनी जमीन खुद बनाई है। कंगना ने कहा कि जब एक पुरुष प्रधान समाज में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महिलाओं को आगे लाने की बात की जाती है तो कांग्रेस को मिर्ची क्यों लगती है। उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लड़ूंगी और बार बार जीतूंगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी।





# स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत

## हरियाणा के महेंद्रगढ़ में दर्दनाक हादसाः 15 घायल, राष्ट्रपति व पीएम मोदी ने जताया दुख

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़ (हरियाणा):** महेंद्रगढ़ के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस पलटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में छह बच्चों की मौत हो गई और 15 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा कनीना स्कूल बस दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक बच्चों के परिजनों को सांत्वना दी। जानकारी के अनुसार हादसे में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भांजे पूर्व सरपंच संजय शर्मा के पुत्र का भी निधन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में स्कूल बस दुर्घटना में अनेक मासूम बच्चों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। ईश्वर शोक संतप्त माता-पिता एवं परिजनों को यह क्रूर आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। मैं घायल हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने निजी अस्पताल में पहुंच कर 12 छात्रों का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सीमा त्रिखा ने कहा कि निजी स्कूल संचालक व्यापार करना बंद करें। कहा कि निजी स्कूल संचालक को नियमों का पालन करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि ड्राइवर के साथ-साथ स्कूल के प्रिंसिपल व मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कहा कि ईद के अवकाश के दिन स्कूल खोलना गंभीर बात है। इसको लेकर प्रदेश के सभी शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई जाएगी।



### पूर्व सीएम मनोहर लाल ने हादसे पर जताया दुख

**पूर्व** सीएम मनोहर लाल ने कहा कि कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। जिसमें कुछ बच्चों की असामयिक मृत्यु होने और कुछ के घायल होने की सूचना है। मैं सभी शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने जताया दुखः** हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण कुछ बच्चों की असामयिक मृत्यु होने और कुछ के घायल होने का समाचार अत्यंत दुःखद है।

# सभी पार्टियां आदर्श आचार संहिता का करें अनुपालन : सुमित खिमट

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संपन्न करने और चुनाव लड? वाले प्रत्येक प्रत्याशी को बराबर का अवसर मिले इसके दृष्टिगत भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफि केशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनैतिक दलों एवं चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों के लिए विज्ञापन जारी करने के सम्बन्ध में एमसीएमसी के तहत कुछ दिशा निर्देश तय किये गये हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा आज नाहन में जिला स्तरीय एमसीएमसी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुमित खिमटा ने कहा कि एमसीएमसी लोकसभा चुनाव दौरान प्रत्याशियों की ओर से जारी होने वाले संदिग्ध पेड न्यूज पर कड़ी नजर बनाये रखेगी। समिति निर्धारित प्रक्रिया के उपरांत संदिग्ध पेड न्यूज को प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ेगी।

उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से पेड न्यूज रोकने और इसे चिन्हित करने में सहयोग करने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि टीवी, केबल और सोशल मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापन के प्रसारण को पंजीकृत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल को विज्ञापन प्रसारण से तीन दिन पूर्व विज्ञापन का प्री-सर्टिफि केशन करवाना अनिवार्य है। जबकि गैर मान्यता प्राप्त दल के लिए 7 दिन पहले विज्ञापन का प्री-सर्टिफि केशन करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे होर्डिंग जिनमें प्रकाशक और प्रिंटर का नाम, छपने की कुल संख्या होर्डिंग में नहीं छपी होगी उसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। इसलिए होर्डिंग में प्रकाशक, प्रिंटर और इसकी कुल संख्या का लिखा होना अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सिनेमा हॉल, यूट्यूब, फेसबुक, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, रेडियो, बल्क मैसेज, वॉइस मैसेज, पेंफलैट, हैंड बिल संबंधी राजनीतिक विज्ञापन का प्री-सर्टिफि केशन करवाना अनिवार्य है।

# फागू विद्यालय में हवन यज्ञ करके गुरूकुल की प्राचीन परंपराओं को निभाया

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** शक संवत 2081 के आगमन और चैत्र नवरात्रे के अवसर पर गुरूकुल के नाम से प्रसिद्ध राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागू में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस मौके पर आचार्य विवेक चैतन्य ने उपस्थित लोगों और स्कूली बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए संस्कार निर्माण और आध्यात्मिकता पर प्रकाश डाला। बता दें कि फागू में रियासतकाल के दौरान गुरूकुल नाम से विद्यालय संचालित किया जाता रहा है जिसमें क्षेत्र की अनेक महान हस्तियों ने शिक्षा ग्रहण करके प्रदेश का नाम रोशन किया



है जिनमें पझौता आन्दोलन के रींग लीडर रहे वैद्य सूरत सिंह भी इस गुरूकुल के विद्यार्थी रहे है। अतीत में इस गुंरूकुल विद्यालय में हवन यज्ञ की परंपरा निभाई जाती रही थी परंतु आजादी के उपरांत इस विद्यालय का सरकारीकरण होने से अतीत से चली आ रही अनेक धार्मिक परंपराएं विलुप्त हो गई थी। काफ ी वर्षों के अंतराल के उपरांत इस स्कूल में पहली बार शक संवत के आगमन और चैत्र नवरात्रें क उपलक्ष्य पर एसएमसी अध्यक्ष यशपाल शवाईक तथा स्थानीय पंचायत प्रधान के सहयोग से हवन यज्ञ का आयोजन करके गुरूकुल की पुरानत परंपराओं को पुनः आरंभ किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को किया जागरूकः डॉ. जगदीश नेगी




**मनीष**

सोलनः राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्रा सोलन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप-निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश नेगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. जगदीश नेगी ने उपस्थित अभिभावकों व छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर संस्थान की मतदाता साक्षरता क्लब ईएलसी नोडल अधिकारी रजनी द्वारा एक.एक वोट के महत्व के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया।स्वीप नोडल अधिकारी राजेश ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को निर्वाचन विभाग का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। स्वीप नोडल अधिकारी हेमेंद्र दत्त शर्मा ने छात्राओं को उनके घर पर 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को वोट बनाने के लिए जागरूक करने तथा प्रथम जून, 2024 को घर के प्रत्येक मतदाता सदस्य द्वारा मतदान करने के लिए उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने बारे वादा लिया।

इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्य लक्ष्मी श्याम द्वारा भी छात्राओं को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के एसएमसी अध्यक्ष, स्टाफ सदस्य व लगभग 300 छात्राएं उपस्थित थीं।

# घर के बाहर चली गोली, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** पांवटा ब्लॉक के निहालगढ़ गांव में एक घर के बाहर गोली चलने की घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके का जायजा ले लिया है तथा गोली चलाने वाले आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उधर पुलिस को सौंपी शिकायत में साहिल पुत्र संजय ठाकुर निवासी निहालगढ ने बताया कि बुद्धवार को वो अपने घर पर मौजुद था। इसी दौरान गुरविन्द्र, ईन्द्रजीत, मुकेश और नरेश निवासी रामपुर व खलिक निवासी कुन्जा मतरालियों गेट के नजदीक आए और गुरविन्द्र व इन्द्रजीत ने जान से मारने के इरादे से देशी कट्टे से फायर कर दिया। शिकायत में कहा गया कि कटटे से निकली गोली मकान के दीवार में लगी है। इस दौरान उसकी बहन श्वेता बरामदे में सफाई में लगी थी। आरोप है कि गुरविन्द्र ने उसके उपर भी फ ायर किया। बाद में आरोपी मौके से भाग निकले। शिकायत के अनुसार गुरविन्द्र व उसके साथ झगड़ा हुआ था। जिले के एएसपी योगेश रोल्टा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पांवटा क्षेत्र में गोली चलने की घटना का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# किसानों की समृद्धिय वीरता और शूरता का पर्व है बैसाखी

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** बैसाखी का पर्व कृषि की सुख-समृद्धि का पर्व है। जिसे उत्तर भारत में विशेष तौर पर पंजाब, हिमाचल और हरियाणा में हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन किसान गेहूं, दलहन, तिलहन और गन्ने जैसी फसलों की तैयारी की खुशी में बैसाखी का उत्सव मनाते हैं।

इहमारे किसान देश का दिल हैंइ आर्ट ऑफ लिविंग हर उस किसान का अभिवादन करता है जो हमें भोजन और कपड़े उपलब्ध कराने के लिए खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं। हमारे किसान, देश का दिल हैं। उनकी खुशी और भलाई देश के स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे देश में भोजन से पहले अन्नदाता सुखी भव कह कर उन सभी किसानों के लिए प्रार्थना करते हैं जो हमें भोजन प्रदान करते हैं। यह प्रार्थना किसान से लेकर, अन्न के विक्रेता और रसोइयें तक उन सभी के लिए की जाती है जो हमारी पूरी खाद्य श्रृंखला का हिस्सा हैं।

**सिख नव वर्ष की शुरूआत है बैसाखीः** बैसाखी सिख समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। बैसाखी सिख नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक है, इसी दिन गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। 10वें गुरु, गुरु गोविंद सिंह महाराज ने गाया है कि हम सभी को हर व्यक्ति के भीतर की दिव्यता को पहचानना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी किसी भी प्रकार के अन्याय से प्रभावित न हो। ऐसे समय में जब किसान संकट में हैं, हमें लोगों के दिल और दिमाग को आराम देने की जरूरत है। हमें सभी को एक साथ लाने और उन्हें आश्वासन देने की जरूरत है, जो केवल आंतरिक शक्ति और ज्ञान से ही आ सकता है। सिख समुदाय में भक्ति और वीरता अंतर्निहित है। भक्ति, हमारे भीतर का सर्वश्रेष्ठ बाहर लाती है। भगवद गीता में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं अपनी सर्वोत्तम क्षमता से अपना कर्म करो और बाकी परमात्मा पर छोड़ दो। सिख समुदाय भी यही कर रहा है। वैदिक परंपरा में श्री आदि शंकराचार्य ने कहा कि हम नाम, रूप, जाति, कुल, गोत्र, परिवार और स्थिति से परे हैं। हम सभी एक ब्रह्म, एक दिव्यता का अंश हैं। हम वह निराकार ऊर्जा हैं जिससे यह सारा संसार बना है।

# धूमधाम से मनाई गई ईद, नमाज अदा कर मांगी गई अमन शांति की दुआ



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** शिमला में ईद का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जहां भाई-चारे का संदेश दिया। वहीं, देश के लिए अमन की दुआ मांगी। शिमला के जामा मस्जिद, ईदगाह लक्कड़ बाजार में ईद मनाई गई। जामा मस्जिद में सुबह दस बजे ईद की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश और प्रदेश के अमन चैन की दुआ मांगी। जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इस्लाम का कहना है पूरे महीने में रोजे रखने के बाद ईद मनाई जाती है। ईद के मौके पर नमाज अदा की गई। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय ने अपने पूरे-देश के लिए आपसी भाईचारे अमन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी है और घर पर जाकर सेवईयां भी बांटी जाती हैं।

# भंगानी पंचायत ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

भंगानी पंचायत ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ भंगानी पंचायत ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की

**एसपी जैरथ**

**नाहनः पांवटा** साहिब की स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगानी में मतदाताओं को जागरूक किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी गुंजित सिंह चीमा के निर्देशन में स्वीट टीम के नोडल ऑफिसर धनवीर चौहान ने एक-एक मत का मूल्य मतदाताओं को समझाया।उन्होंने बताया कि सशक्त लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी मतदाताओं और विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।



कार्यक्रम का शुभारंभ जोगिंदर शर्मा ने मतदान पर आधारित अपनी कविता के साथ किया। सिरमौर निर्वाचन आईकॉन जीवन प्रकाश जोशी ने कहा कि वोट आपकी आवाज है उसे आवाज को सही समय पर बुलंद करने का अवसर एक जून 2024 है। इसलिए सभी मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

विकास खंड समन्वयक रुखसाना ने सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ग्राम पंचायत भगानी के पदाधिकारीगण, ग्राम वासियों तथा बच्चों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में जीवन प्रकाश जोशी, धनवीर चौहान, जोगिंदर शर्मा, रुखसाना, रामलाल शर्मा, संदीप,

ग्राम पंचायत प्रधान हरजिंदर कौर, ग्राम विकास अधिकारी धनवीर सिंह तोमर,

मतदाता केंद्र अधिकारी नरेश कुमार, अंजू कुमारी, सुरेखा सहित 70 ग्राम वासी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया बिरशू मेला



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** नए संवत के उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत चतानी के लारी गांव में बिरशू मेला हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ग्रामीणों व महिला मंडलों द्वारा दिन को लालड़ी नृत्य एवं रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया है। मेले में स्टार सिंगर देवेंद्र सोनी, ममता भारद्वाज, जोगिंद्र तूफ ानी, नरेश हिमाचली व स्थानीय कलाकारों ने भी रंगारंग प्रस्तुतियां दे कर मेले में आए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस मेले में बतौर मुख्यातिथि पूर्व उप प्रधान ग्राम पंचायत नेउली भूपिंदर सिंह रहे उनके साथ भुवनेश्वर बॉबी, महिन्द्र सिंह, बुध राम व सुभाष, एवं हीम सिंह भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। ग्राम पंचायत चतानी के वार्ड नंबर-1 से वार्ड सदस्य दुनी चन्द का कहना है की मेले हमारी पुरानी परंपराओं और संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका निभाते है और हमारे गांव का ये बिरषु मेला बहुत ही शुभ समय हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर होता है ये हमारे गांव के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है

# ईद का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया

## देश में अमन शांति के लिए मांगी दुआए

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः जिला** कांगड़ा के उपतहसील रे में ईद उल फि तर का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया।क्षेत्र के आसपास रे बाग, डुहग, जगीर के मुस्लिम समुदाय के सेकड़ो लोगों ने जामा मस्जिद रे में ईद की नमाज अदा की।ईद की नमाज के बाद देश मे अमन शांति के लिए दुआए मांगी और इस उपरांत आये हुए लोगो को गले मिलकर बधाई दी और मिठाईया व खीर का लंगर लगाया गया।मुस्लिम कमेटी के प्रधान मजीद अली व सचिव जमात



अली ने कहा की उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र माह के दौरान उपवास रोजे के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार

आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। एकता और सद्भाव बढ़ाने वाला यह पर्व हमें क्षमा एवं दान करने की शिक्षा भी देता है। ईद गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने तथा उनके साथ खुशियां बांटने का अवसर है। इस अबसर पर जमाल दीन, नूर अहमद, हैदर अली, गुलजार अली, तालिब हुसैन, नूर मोहमद, अजीज, इरशाद, सादिक व अन्य लोग शामिल रहे।

# उपायुक्त ने किया निर्माणाधीन आवासीय स्कूल का दौरा

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज किया सेऊ बाग स्थित निमार्णाधीन दृष्टि बाधित आवासीय स्कूल का दौरा।उन्होंने निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि लाभर्थियों को इसका समय पर लाभ मिल सके।उन्होंने समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य का नियमित रूप से निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस भवन के बन जाने से दृष्टि वादित बच्चों को शिक्षा सुविधाओं के साथ साथ आवासीय सुविधा भी मिलेगी। इस से पूर्व उपायुक्त ने ढालपुर स्थित विकलांग भवन, जिला परियोजना अधिकारी



कार्यालय, कामकाजी महिला होस्टल व नगर परिषद की निमार्णाधीन स्ट्रीट वैंडर मार्केट व पार्किंग का भी निरक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि विकलांग का जीर्णोद्धार कर एक और मंजिल का निर्माण किया जायेगा जिसके लिए उन्होंने समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने व इसका प्रकालन तैयार करने के लिए आवश्यक पग उठाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिला परियोजना अधिकारी कार्यालय व कामकाजी महिला हॉस्टल का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा।उन्होंने जिला परियोजना

अधिकारी को इस दिशा में आवश्यक पग उठाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नगर परिषद कुल्लू द्वारा लाड़ा स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत निमार्णाधीन स्ट्रीट वैंडर मार्केट व पार्किंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य मे लगी बीएसएनएल को निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे सीपीएस सुंदर ठाकुर : शौरी

## कंगना की लोकप्रियता देख घबरा गई हैं कांग्रेस

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः देश** में भाजपा अपने सभी सशक्त उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतार रही है और हिमाचल प्रदेश के चारों लोकसभा सीटों पर भी जनता के प्रिय नेताओं को भाजपा ने लोकसभा चुनाव में मैदान में उतारा है। ऐसे में मंडी संसदीय क्षेत्र में भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत की चुनावी रणनीति काफ ी सक्रिय है और इससे कांग्रेस के नेता घबरा रहे हैं। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने कंगना रनौत को चुनावी मैदान में उतारा है। तो वहीं अभी तक कांग्रेस अपने प्रत्याशी का चयन नहीं कर पाई है। क्योंकि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है कि वे किस तरह से हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव



को लड़े। कांग्रेस संगठन काफी कमजोर हो गया है और कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का भी अब आम जनता के बीच पर्दाफ ाश हो गया है। वही सीपीएस सुंदर ठाकुर के द्वारा भी कंगना रनौत के खिलाफ जो बयानबाजी की गई हैं वह निंदनीय है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि सीपीएस सुंदर ठाकुर के द्वारा यह बयान दिया गया कि यह कोई बॉलीवुड की फिल्म नहीं। बल्कि लोकसभा को चुनाव है। तो इस बात को पूरे देश की जनता जानती है। कंगना रनौत ने बॉलीवुड में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे भारत और विश्व में ऊंचा किया। तो वहीं अब समाज सेवा के क्षेत्र में भी उतरकर हिमाचल का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के नेता कंगना रनौत के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। उससे पता चलता है कि कांग्रेस के नेता महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानते हैं और आए दिन गलत तरह की बयान बाजी कर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। लेकिन हिमाचल प्रदेश व मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता सजग है और उन्हें पता है कि कांग्रेस के नेता राजनीति के लिए किस हद तक गिर सकते हैं। ऐसे में मंडी लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी कंगना रनौत को अब गांव-गांव में आम जनता का समर्थन मिल रहा है और महिलाओं का कुनबा भी उनके साथ लगातार जुड़ता जा रहा है। इससे अब कांग्रेस पार्टी के नेता डर गए हैं और सीपीएस सुंदर ठाकुर भी इसी डर के कारण बोखलाहट में अब अनाप शनाप बयान बाजी कर रहे हैं।

# स्की हिमालयन रोपवे सोलंग मनाली में मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुल्लू, के तत्वाधान द्वारा एनडीआरफ 14वीं वाहिनी नूरपुर जिला कांगड़ा एवं समस्त संबंधित विभागों के सहयोग से स्की हिमालयन रोपवे सोलंग मनाली में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य रोपवे प्रणाली की तत्परता और कुशलता को मापना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा का मुल्यांकन करना था। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरफ के इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में



आई 19 सदसीय टीम के अलावा स्थानीय स्की हिमालयन रोपवे का आपातकालीन प्रतिक्रिया दल होमगार्ड एवं दमकल विभाग पुलिस, स्वास्थ्य विभाग तथा अभिमास मनाली की टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉकड्रिल तहसीलदार मनाली अनिल राणा एवं प्रलेखन समन्वयक वर्षा ठाकुर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मॉक ड्रिल के बाद विभिन्न कमियों को सुधारने पर चर्चा की गई।

# सुक्खू सरकार में चरम पर भ्रष्टाचार, लैंड यूज बदलने के लिए करोड़ों की हो रही है मांग: जयराम

**मनीष**

**सोलन: भारतीय** जनता पार्टी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश में जो राजनीतिक घटनाक्रम घटित हुआ है उसके पश्चात प्रदेश की कांग्रेस सरकार की स्थिति बहुत हास्यास्पद बनी हुई है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार बोलती रही कि व्यवस्था परिवर्तन की सरकार, सुख की सरकार लेकिन हकीकत यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। जनता की नजरों से भी यह सरकार गिर चुकी है और बहुमत की दृष्टि

**साधा निशाना**

8 भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं टूट गई है। हिमाचल प्रदेश से सभी इन्डस्ट्रीयल सेक्टर छोड़ करके भाग रहें है

से भी सरकार गिर चुकी है। पूरे प्रदेश की यह मान्यता है कि वर्तमान में कांग्रेस की सरकार सत्ता में होते हुए भी नैतिक अधिकार खो चुकी है। हिमाचल में मुख्यमंत्री और उनके नेता जिन विधायको ने कांग्रेस सरकार से त्यागपत्र दिया उनके बारें में कभी उन्हें भेड़ें कहा जा रहाए कभी विधायको को मेंढक कहा जा रहा है। कांग्रेस सरकार



बार-बार दोषारोपण करके भारतीय जनता पार्टी को दोषी ठहरा रही है और उहोंने आरोप लगाया है कि पैसे देकर के खरीदा गया। कांग्रेस सरकार यह कहती है कि जयराम ठाकुर को सत्ता की भूख है। कांग्रेस सरकार ने संस्थान रद्द किये, झूठी गारंटी दी। कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा कहती है की लोगों के काम नहीं हुए, कार्यकताओं की अनदेखी हो रही है, नेताओं की अनदेखी हो रही है, विधेयकों की बात सुनी नहीं जा रही है। ऐसे हालात बन गए हैं की हम चुनाव लडने की स्थिति में नहीं है, इसलिए मैं मंडी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ूंगी। कांग्रेस पार्टी के विधेयकों ने एक बार नहीं अनेकों बार अपनी बात कही लेकिन उनके बावजूद उनकी बातें ना मानी गयी ना सुनी गई और आखिरकार परिस्थितियां बनने की राज्यसभा की वोंटिग पर कांग्रेस की हार हुई।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बौखलाहट में बहुत कुछ बोल रही है। हिमाचल प्रदेश में जब 15 महीने की सरकार में 1000 चले हुए संस्थान बंद कर दिए। क्या सरकार इसको कहते हैं? सरकार काम करने के लिए होती है, काम रोकने के लिए या काम बंद करने के लिए नहीं होती है। हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 5 साल में 19600 करोड़ रुपए ऋ ण लिया परन्तु कांग्रेस सरकार ने 15 महीने में 18 हजार करोड़ रुपए का ऋण ले लिया है। भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं टूट गई है। हिमाचल प्रदेश से सभी इन्डस्ट्रीयल सेक्टर छोड़ करके भाग रहें है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान जो हालात हैं।

# भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य मनजीत कांग्रेस में शामिल

**दामन थामा**

8 बीडीसी सदस्य के नाते जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाएगी, उसे वह बखूबी निभाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नादौन। नादौन** ब्लॉक के जलाड़ी.चिलियां वार्ड नंबर-8 से भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्य मनजीत कुमार वीरवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की नीतियों और सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में हुए कार्यों में आस्था जताते हुए भाजपा को अलविदा कह दिया। मुख्यमंत्री ने मनजीत को हार पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल करवाया। मनजीत बीते चुनाव में 367 मतों से विजयी हुए थे। जलाड़ी सौंखलयां निवासी मनजीत लंबे समय से भाजपा में घुटन महसूस कर रहे थे। वह पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करते रहे, लेकिन उन्हें उचित मान.सम्मान नहीं मिला। मनजीत को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के समय जलाड़ी के प्रधान जगमोहन डोगरा मणी व विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा मौजूद रहे। मनजीत ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह कांग्रेस पार्टी में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। बीडीसी सदस्य के नाते जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाएगी, उसे वह बखूबी निभाएंगे।

प्रदेश सरकार जनहित में बेहतरीन कार्य कर रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### बिलासपुर जिला क्रिकेट अंडर-19 के ट्रायल 14 अप्रैल को: विशाल जगोता

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोशिएशन यानि एचपीसीए के तत्वावधान में होने जा रही अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर टीम का चयन आगामी रविवार को होगा। यह जानकारी देते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने बताया कि 14 अप्रैल को होने वाली इस चयन प्रक्रिया में बिलासपुर जिला की अंडर-19 क्रिकेट टीम चुनी जाएगी। इसमें 1 सितंबर, 2005 के बाद पैदा हुए खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगी। ट्रायल्स का कार्यभार बतौर संयोजक आरके रघु को सौंपा गया है जबकि चयन समिति में उमेश गौतम, विशाल रतवान, जितेंद्र ठाकुर, पवन ठाकुर व विनेंद्र डोगरा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बिलासपुर टीम का प्रशिक्षण शिविर लगेगा जबकि बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच उना में जिला चंबा के साथ खेलेगी। यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय मैचों की होगी।

### मुगालते में न रहे, विस चुनाव, बागियों की एंट्री, मंडलों में फूट भी देख लें भाजपा: संदीप सांख्यान

**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ संदीप सांख्यान ने प्रैस को जारी बयान के माध्यम से भाजपा को नसीहत दी है कि अति उत्साह और घंमड आज तक किसी का नही रहा है, अभिमानी का सिर सदैव झुकता आया है। उन्होंने कहा कि कई गुटों में बंटी भाजपा यदि इस चुनाव को सहजता से ले रही है, तो मुगालते में न रहे। उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में हिमाचल की जनता ने सुशासन पर मोहर लगाकर प्रचंड बहुमत से कांग्रेस के हाथों में सता की बागडोर सौंपी है। तब से लेकर अब तक भाजपा छटपटा रही है, भाजपा का सता जाने का मोह और पाने का लोभ इनके स्तर को इतना गिरा चुका है कि जनता में यह हंसी का पात्र बन गए। पिछले कुछ दिनों में भाजपा द्वारा की गई खरीद फरोख्त के कारण उनके स्तर में आई भारी गिरावट से भाजपा की हालत खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी हो गई है। संदीप सांख्यान ने कहा कि पूर्व में हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों पर एक नजर दौड़ाई जाए तो 25 से 28 विधानसभा क्षेत्र ऐसे थे जिनमें भाजपा के समानांतर उम्मीदवार अपनी गुटबाजी की वजह से उतरे थे, इन बागियों ने भाजपा को पहले भी सबक सिखाने मे कोई कसर बाकि नहीं छोड़ी थी और अब भी उनके हौंसले बुलंद हैं। यही कारण है कि वही टीस आज भी भाजपा के संगठन में साफ दिख रही है। आए दिन कांग्रेस को कोसने में लगे भाजपाईयों को अपने गिरेबांन में झांकने की जरूरत है। अगर भाजपा का सबका साथए सबका विश्वास कारगर होता तो हिमाचल प्रदेश में भाजपा का सूपड़ा साफ नहीं होता। जनता को पता चल चुका है कि इनकी कथनी और करनी आपस में मेल नहीं खाती है। संदीप सांख्यान ने कहा कि अभी हालिया प्रकरण पर नजर दौड़ाई जाए तो भाजपा ने जो कांग्रेस के घर में आग लगाने की कोशिश की है तो उससे उनके खुद के घर को आग लग गई है। अंतर्कलह के कारण भीतर से धधक रही भाजपा की हंसी का दर्द समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं विधानसभा में कांग्रेस से गद्दारी करने वाले और कांग्रेस से निष्कासित 6 विधायकों को भाजपा ने उपचुनावों में टिकट देकर वहीं 6 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के मंडलों में जो फूट उभर कर सामने आई है उससे भाजपा की हार निश्चित है। भाजपा की इस संगठनात्मक फूट का खामियाजा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भी भाजपा को भुगतना पड़ेगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 4 विधानसभा क्षेत्र भी आते हैं जिनमे भाजपा की फूट जग जाहिर है। भाजपा के साथ-साथ धूमल परिवार पर इन स्वार्थी लोगों द्वारा उछाला गया कीचड़ इन दिनों सोशल मीडिया की सुर्खियों में शुमार है जबकि जनता के दिलों में यह बात बैठ गई है कि उनके कीमती वोट से सता में आने वाले दल बदलने के लिए उनको विश्वास में नहीं लेतेए किंतु अब इस अहसानफरोशी का बदला लेने का समय आ चुका है। जनता पूरी तरह से करारा जबाव देने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने का कि पूरे हिमाचल प्रदेश में लोकसभा में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी क्योंकि मोदी के नाम पर वोट मांगने वाले अपने रिपोर्ट कार्ड में विकास के मामले में पूरी तरह से फेल पाए गए हैं।

# दाड़लाघाट स्कूल में स्वीप टीम ने दी मतदान के महत्व पर जानकारी

**मनीष**

**सोलन:** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अर्की विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि दाड़लाघाट स्कूल के समस्त कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को मताधिकार के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया।

उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से नए मतदाता के पंजीकरण की जानकारी भी दी गई। स्वीप टीम के



सहायक प्रभारी डॉ. हेमराज सूर्य तथा प्रो. योगेश कुमार ने कहा कि वोट का अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जिला निर्वाचन विभाग अर्की विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी अति महत्वपूर्ण है।

# नप अध्यक्ष मनोज, पार्षद राजकुमार ने थामा कांग्रेस का दामन

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की नीतियों में आस्था जताते हुए वीरवार को हमीरपुर नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास ने पत्नी निशा मिन्हास व वार्ड नंबर-2 से पार्षद राजकुमार के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। कांग्रेस के बिकाऊ विधायकों को भाजपा के टिकट देने से मनोज आहत हैं। मनोज व राजकुमार के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को हमीरपुर में बड़ा झटका लगा है।

भाजपा को हमीरपुर में बड़ा झटका, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कार्यों से थे प्रभावित

मुख्यमंत्री ने मनोज मिन्हास, निशा मिन्हास व राजकुमार को सेरा रेस्ट हाउस में पटका पहनाकर कांग्रेस में



शामिल करवाया। मनोज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के 15 महीने के कार्यकाल को सराहनीय बताया है। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि सरकार जनहित में काम कर रही है। कांग्रेस के छह बिकाऊ विधायक जनता का नहीं,निजी विकास चाहते थे। उन्होंने प्रदेश के विकास को सर्वोपरि नहीं माना।

कांग्रेस के बिकाऊ विधायकों को भाजपा टिकट देने से हुए आहत

जनता ने उन्हें पांच साल के लिए चुनकर भेजा थाए लेकिन वह 14 महीनों में ही लोगों से दगा कर गए। उपचुनाव से करोड़ों रुपये का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा। मनोज ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमीरपुर शहर के विकास को गति देंगे। वर्षों से रुके कामों को तेज गति से सिरे चढ़ाया जाएगा। मुख्यंमत्री ने कहा कि हमीरपुर शहर के विकास को मुख्य प्राथमिकता दें। शहर का स्वरूप बदलने के लिए कार्य करें। प्रदेश सरकार ने शहर के सौंदर्यीकरण व बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए करोड़ों रुपये का बजट जारी किया है, उसका पूरा सदुपयोग करें।

शहर के लोगों को कांग्रेस सरकार के कार्यों से अवगत करवाएं। हमीरपुर जिला में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए दिन.रात कार्य किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंदर वर्मा, पंकज मिन्हास, विवेक कटोच सुतीक्ष्ण वर्मा और विकास ल मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय समारोह हुआ फेल: अरुण ठाकुर

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** हमीरपुर में जहां आज इस समारोह में हमीरपुर की पांच विधानसभा क्षेत्र के लोग एकत्रित हुए परंतु भीड़ जुटाने में असमर्थ रही भाजपा और कार्यकताओं ने भी इस आयोजन से बनाई दूरी खाली बड़ी कुर्सियां इस बात का गवाह है कि जनता पार्टी के लोगों का मन जो है अब भाजपा से उठ चुका है और इन उपचुनाव में जो है जनता जो है वह कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट करेगी और भारी से भारी मतों से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को जीताएगी ऐसा संदेश आज हमीरपुर के गांधी चौक से



जनता ने भारतीय जनता पार्टी के लोगों को दे दिया है पूर्व में रहे सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा जी कह रहे हैं कि उन्होंने जनता की सेवा की है किसी की जाति और धर्म नहीं पूछा तो धूमल साहब को क्यों छोड़ा उन्होंने हर बार यह नया जुमला और झूठ की राजनीति करते हैं लेकिन अब जनता जान चुकी है। और इस उप चुनाव में जो है उनको इसका मुंह तोड़ जवाब जनता देगी हमीरपुर मुख्यमंत्री के साथ है और हमीरपुर की जनता सबक.सिखाने को तैयार है हमीरपुर की जनता ऐसा कृत्य करने बालों को हमीरपुर जिला को बदनाम करने बालों को नहीं नहीं बख्शेगी अब बदलाव हो कर रहेगा।

# पार्किंसन रोग के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक मंडी, हिमाचल प्रदेश के फ ार्मेसी विभाग के छात्रों द्वारा पार्किंसन रोग दिवस के उपलक्ष्य में चैलचौक बाजार में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने इस प्रस्तुति में पार्किंसन रोग और उसकी रोकथाम व उपचार के बारे में जानकारी मुहैया करवाई। इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ आर के अभिलाषी, प्रो चांसलर डॉ एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचएस बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी और सचिव नरेंद्र कुमार ने सफल आयोजन के लिए विभाग व सभी छात्रों की सराहना की।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने मनाई महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती

## संविधान जागरूकता अभियान पहुंचा सुन्हाणी, बडगांव व रोहल



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** घोर जातिवाद, आडंबर, रूढ़िवादिता में सदियों से जकड़े समाज को उपर उठाने के लिए महान समाज सुधारक एवं दूरदर्शी ज्योतिबा फुले के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने अपना जीवन शोषित, वंचित तिरस्कृत एवं पीड़ित समाज को शिक्षा के माध्यम से जागरूक करने के लिए लगा दिया। डा. भीम राव अंबेडकर तथा ज्योतिबा फुले विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं, क्योकि इन्हीं के द्वारा रचित नियमावली पर आज देश अग्रसर है। वीरवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा छेड़े गए संविधान बचाओ अभियान के तहत बडगांव पंचायत में ज्योतिबा फुले जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। जहां पर आयोजित नुक्कड़ सभा में मोर्चा के जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने लोगों को ज्योतिबा फुले जी

**याद किया**

8 अपना जीवन शोषित, वंचित तिरस्कृत एवं पीड़ित समाज को शिक्षा के माध्यम से जागरूक करने के लिए लगा दिया।

की जीवनी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल 1827 को जन्में ज्योतिबा फुले के पिता व्यवसायी थे तथा परंपराओं में विश्वास रखते थे, लेकिन ज्योतिबा स्वाभिमानी थे, अल्पायु ही में उन्हें पांखड और जातिगत व्यवस्था का बोध हो गया तथा इसमें परिवर्तन करने के लिए वे समाज में एक मिसाल बनकर उभरे। पढ़ाई की अहमियत समझने वाले ज्योतिबा फुले ने उस समय शूद्र परिवारों की बेटियों के लिए स्कूल और सांध्य कालीन विद्यालय भी खोले ताकि वे शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।

# 14 को भाजपा में सफाई अभियान चलाएगी: दीपराज

## नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों को इसकी कोई भी चिंता नहीं करेंगे

**चमन शर्मा**

**करसोग:** करसोग विधानसभा के विधायक दीपराज ने कहा कि 14 अप्रैल, 2024 को भारतीय जनता पार्टी करसोग के कार्यकर्ता नगर पंचायत करसोग में सफ ाई अभियान चलाएगी। नगर पंचायत करसोग में हर तरफ गंदगी का आलम है और नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों को इसकी कोई भी चिंता नहीं है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पूरे करसोग बाजार को साफ करेंगे और सारी सफ ाई का अन्त नगर पंचायत कार्यालय में करेंगे। वैसे भी हमने



आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में दो तरह की सफ ाई का संकल्प लिया है । एक देश से कांग्रेस की सफ ाई करनी और दूसरा अपने आस-पास व समाज को साफ.-सुथरा रखना है। हम भी सभी कार्यकताओं

**साधा निशाना**

8 देश से कांग्रेस की सफ ाई करनी और दूसरा अपने आस-पास व समाज को साफ-सुथरा

के साथ मिलकर करसोग से कांग्रेस की सफ ाई करेंगे और दूसरा पूरे करसोग को साफ. सुथरा भी रखेंगे। विधायक ने कहा सफाई अभियान के अन्त में भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर जी को सामूहिक श्रद्धांजलि भी देंगे, क्योंकि बाबा साहेब ने समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावना को एक सूत्र में पिरोकर संविधान का सृजन किया। उन्होंने देश को एक ऐसा प्रगतिशील और न्याय-प्रवर्तक संविधान दिया, जिसने गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय और अधिकार सुनिश्चित कराया।

**नगर पंचायत करसोग की सफ ाई करके देंगे बाबा साहेब को श्रद्धांजलि: दीपराज**

विधायक दीपराज ने कहा नगर पंचायत करसोग में गंदगी के बहुत बुरे हाल हैं और हमने संकल्प लिया कि डा. भीम राव अम्बेडकर जयंती पर कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत करसोग में सफाई करेंगे।

# तीनों न्यायिक परिसरों में 11 मई को लगेगी लोक अदालतें

**हमीरपुर: लंबित** मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 11 मई को जिला हमीरपुर के तीनों न्यायिक परिसरों हमीरपुर, बड़सर और नादौन में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा आपसी समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट के मामले, धन वसूली के मामले और भूमि विवाद आदि पर सुनवाई करके निपटारा किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप-चुनाव के लिए हमीरपुर में बीजेपी का शंखनाद

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: हमीरपुर** लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप-चुनाव के लिए शंखनाद आगाज कर दिया है हमीरपुर के गांधी चौक में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बीजेपी अध्यक्ष बिंदल हमीरपुर विधानसभा से उपचुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी राजेंद्र, इंद्रदत्त लखनपाल, ओर हमीरपुर सदर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा जनसभा करके अपनी शक्ति प्रदर्शन किया वह लोगों से अपील की की आने वाले लोकसभा में विधानसभा के उपचुनाव में हमारा साथ दें।

सुक्खू सरकार ने हमें प्रताड़ित किया जलील किया लोकतंत्र की हत्या की

गांधी चौक हमीरपुर में आयोजित भाजपा रैली को संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने कहा है कि सुक्खू सरकार ने हमें जलील किया, प्रताड़ित किया और लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। सरकार ने झूठे वादे किए। उन्होंने कहा कि सीएम जोकि इस क्षेत्र से है, 15 माह बाद पहली बार हमीरपुर बाजार का पैदल दौरा किया। सीएम का हमीरपुर से कोई लगाव नहीं। उन्होंने कहा कि हम उस दौर में हैं जिसमें भारत का



नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर पांचवीं बार पांच लाख वोटों से जीतेंगे। आशीष शर्मा ने कहा कि वह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया। देश मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है उस विचारधारा के साथ जुड? का सौभाग्य मिला है। तीसरी बार मोदी सरकार को लाना है और अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार सांसद बनाना है।

जून महीने के बाद सुक्खू सरकार जाने वाली है: राजेंद्र राणा

रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक और सुजानपुर से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने कहा कि गांधी चौक से जो संदेश जाता है वह पूरे प्रदेश में जाता है। कांग्रेस के तंबू जून माह के बाद उखड़ जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमे 12 घंटे में निकाल दिया गया। कोई सुनवाई नहीं हुई। सुक्खू सरकार की क्या मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे अभी तक मंजूर नहीं किए गए। सीएम को सोचना चाहिए कि अपने ही जिले के तीन विधायक चले गए। राणा ने कहा कि मुख्य मंत्री का दिल बड़ा होना चाहिए। यह हमीरपुर के नहीं शिमला के मुख्यमंत्री हैं। इनकी पढ़ाई लिखाई और राजनीति शिमला की है। उन्होंने कहा कि प्रो धूमल भी सीएम रहे, लोगों के काम होते थे, लोगों को महसूस होता था कि हमीरपुर की सरकार है। पूर्व सीएम धूमल ने राज्य चयन आयोग बनाया लेकिन सुक्खू सरकार ने बंद कर दिया। सुजानपुर में आईपीएच और इलेक्ट्रिकल डिवीजन जयराम सरकार ने खोला, सुक्खू सरकार ने आते ही बंद कर दिए। हमें काले नाग कहा गया, हमें कहा गया बिके हैं, आरोप लगाने वाले आरोप साबित कर दे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में फि र से भाजपा सरकार और केंद्र में मोदी सरकार बने। रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक और बड़सर से भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने झूठी गरंटिया दी और जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि चुनाव सिर पर आते ही 15-15 सौ रुपए के फार्म भराने शुरू कर दिए जबकि 15 माह आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं का रोना रोते रहे। सरकार के कामों में पारदर्शिता की कमी रही। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर चुने हुए विधायकों को प्रताड़ित किया गया। हमे कुएं के मेंढक और काले नाग कह जलील किया गया।

# पहली बार फेल हुआ भाजपा का मिशन लोटस, हिमाचल में मिली करारी हार: अग्निहोत्री

**राजन पुरी**

**ऊना: उप** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा क्षेत्र हरोली में वीरवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू ने अध्यक्षता की। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक का सतपाल रायजादा भी विशेष रूप से इस कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए लोकसभा चुनाव में सहयोग मांगा। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री ने भाजपा पर कई ताबड़तोड़ हमले भी किए। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश में यह चुनाव हो रहा है, यह टेबल टर्न चुनाव है और पूरे का पूरा माहौल कांग्रेस के पक्ष में आ चुका है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां पर भाजपा का मिशन लोटस पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को



हिमाचल प्रदेश की चुनी हुई सरकार गिराने का प्रयास करने के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों को भी निशाने पर लिया और उन्होंने कहा कि वह जनता को यह बताएं कि वह किस लिए अपना पद छोड़ रहे हैं और जनता को आश्वस्त करें कि वह वापस चुनाव में नहीं उतरेंगे। उन्होंने कहा कि विधायकी छोडकर वापस विधायक के चुनाव के लिए लड ?ा प्रदेश की जनता के साथ धोखा है और जनता ऐसे नेताओं को माफ करने वाली नहीं है।

कांग्रेस हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र करार दिए जाने और सांप्रदायिकता के आरोप लगाने पर भी उपमुख्यमंत्री ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि आज ईद का मुबारक मौका है और इन परिस्थितियों में किसी भी संप्रदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सेकुलर पार्टी है और हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने ही चक्रव्यूह में बुरी तरह फंस चुकी है। भाजपा की हर प्रकार की होशियारी पूरी तरह फेल रही है और अब इस तरह के आरोप लगाकर सांप्रदायिक आधार पर अपनी राजनीतिक जमीन बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# ऊना की मैहक ने मिस इंग्लैंड 2024 के फाइनल मुकाबले बनाई जगह

**प्रतियोगिता**

**8 मॉडलिंग में अपना सिक्का जमा चुकी मैहक चंदेल समाज सेवा में गहरी रूचि रखती हैं**

**राजन पुरी**

**ऊना: जिला** ऊना के चिंतपूर्णी क्षेत्र से संबंध रखने वाली मैहक चंदेल ने मिस इंगलेड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जगह बना कर हिमाचल प्रदेश को सौंदर्य जगत के क्षेत्र में एक नई पहचान प्रदान की है। मिस इंग्लैण्ड 2024 की फाइनल प्रतियोगिता 16 व 17 मई को लंदन में आयोजित की जाएगी लंदन में आयोजित किए जा रही इस सौंदर्य प्रतियोगिता में इस वर्ष इंग्लैण्ड से लगभग 8000 सुंदरियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से कई राउंड की प्रतियोगिता के बाद अब कुल 40 सुंदरियों को मिस इंग्लैण्ड के फाइनल में चुना गया है और मैहक चंदेल अब इन 40 सुंदरियों में जगह बना कर मिस इंग्लैण्ड के फाइनल राउंड में पहुंच गई है।



मूलतः ऊना जिला के चिंतपूर्णी क्षेत्र के बैहरा गांव से संबंध रखने वाली मैहक के पिता अनिल चंदेल लंदन में एक व्यवसायी हैं, जबकि उनकी माता इंदरपाल ओहरी चंदेल लंदन के कॉलेज में गणित की प्रोफेसर हैं और समाज सेवा से भी जुडी हैं। हिमाचली संस्कृति से गहरा लगाव रखने बाली 21 वर्षीय मैहक चंदेल का जन्म साउथ हॉल लंदन में हुआ तथा वह अपने तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी हैं। मॉडलिंग में अपना सिक्का जमा चुकी मैहक चंदेल समाज सेवा में गहरी रूचि रखती हैं। मैहक का मानना है कि सुंदरता बाहरी झलक के अलावा सोच और विचारों में भी होनी चाहिए और सौंदर्य को सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों के लिए प्रयोग किया जाना चाहिए।

## भटोली में सट्टा लगाते एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना मैहतपुर के तहत भटोली में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस बुधवार रात्रि भटोली के सरकारी स्कूल के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने देवेंद्र कुमार पुत्र निवासी वार्ड नंबर तीन बहडाला के कब्जे से पर्ची दडड़ा सटटा व 1020 रुपये की नगदी बरामद की है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने देवेंद्र कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीहड़ू कलां के वार्ड दो में लिंक मार्ग की हालत लंबे समय से खस्ता

**हालत खस्ता**

**8 बीहड़ू कलां के वार्ड नंबर दो के अनुसूचित जाति मोहल्ले को जाने वाला लिंक मार्ग करीब सात वर्ष पहले बनाया गया था**

**राजन पुरी**

**ऊना: उपमंडल** बंगाणा के तहत मकरैड़ तहसील के बीहड़ू कलां की वार्ड नंबर 2 के अनुसूचित जाति मोहल्ले को जाने वाले लिंक मार्ग की हालत लंबे समय से खस्ता चल रही है। लिंग रोड़ खराब होने से अनुसूचित जाति के लोगों में काफी रोष है। बता दें कि बीहड़ू कलां के वार्ड नंबर दो के अनुसूचित जाति मोहल्ले को जाने



वाला लिंक मार्ग करीब सात वर्ष पहले बनाया गया था। अब लिंक रोड़ की स्थिति काफी काफी खराब हो चुकी है। जगह-जगह से टूटा हुआ है और आनेजाने वाले मोहल्ला निवासियों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो मार्ग से गुजरते हुए ग्रामीण हादसे का शिकार हो चुके हैं। मोहल्ला निवासियों में सुखदेव सिंह, जसविंदर कुमार, गुलजारी लाल, तरसेम लाल, मनीष कुमार ,रोशन लाल, पवन कुमार, हुकम चंद, मदन लाल व किशोरी लाल में रोष है कि हमने पंचायत घर में कई बार इस लिंक मार्ग के बारे में अवगत कराया, लेकिन आज तक किसी ने कोई सुध नहीं ली। मोहल्ला निवासियों का यह भी कहना है कि जब चुनाव होते हैं, तो सभी पार्टियों के लीडरों को अनुसूचित जाति के मोहल्लों की याद आ जाती है, लेकिन बाद में यह भूल जाते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन सहित नेताओं से मार्ग को जल्द दुरूस्त करवाने क मांग उठाई है।

**मनरेगा में डाला गया है बजट**

ग्राम पंचायत प्रधान गुरनाम सिंह का कहना है कि यह मार्ग पिछले पंचायत ने बनवाया था। उन्होंने कहा कि अब हमने मनरेगा के बजट में डाला हुआ है। पैसा मंजूर होते ही टूटा हुआ मार्ग जल्दी बन जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चुरुड़ू में जनशताब्दी ट्रेन की चपेट में युवक की मौत

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल अंब के तहत रेलवे स्टेशन चुरुड़ू में जनशताब्दी ट्रेन में की चपेट में आने से 31 वर्षीय कांगड़ा के युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंकज कुमार पुत्र राम पुकार निवासी डाकघर अप्पर परागपुर तहसील देहरा जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे का क्षेत्रीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात्रि पंकज कुमार निवासी कांगड़ा अंब से हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर चुरुड़ू पहुंचा। जहां पर हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने के बाद दूसरी तरफ नई दिल्ली से आ रही जनशताब्दी ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के दौरान पंकज कुमार के सिर व पैर पर चोट पहुंची, जिसके चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। रेलवे चौकी प्रभारी ऊना पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर जांच शुरू कर दी है।

### राम नवमी पर निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल बंगाणा में 17 अप्रैल को भगवान श्री राम नवमी के उपलक्ष में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए प्रभु श्री राम समिति बंगाणा के अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा लठियाणी से लेकर प्रसिद्ध मंदिर चमुखा महादेव तक जाएगी। उन्होंने सभी राम भक्तों से निवेदन किया है कि इस बुधवार को शोभा यात्रा में पहुंचकर अपनी श्री राम भगवान के प्रति श्रद्धा देते हुए यात्रा में उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने बताया कि चमुखा महादेव में यह यात्रा समाप्त की जाएगी, जहां पर भंडारे का आयोजन भी होगा।

### अंबेडकर जयंती जिला में निकाली जाएगी बाइक रैली

**राजन पुरी**

**ऊना:** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा हिमाचल प्रदेश द्वारा 14 अप्रैल को जिला स्तरीय बाइक महारैली का आयोजन करेगी। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार दोधी ने कहा की भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के जन्मदिवस के उपलक्षय में महासभा अपने नए कार्यालय का उद्धाटन जिला ऊना में करेगी। इकाई ऊना के अध्यक्ष नव बैंस कहा कि इसी दिन ऊना से लेकर कांगड मैदान तक बाइक रैली निकाली जाएगी। इसमें नशे के खिलाफ बाइक रैली के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए नशे को रोकने और युवाओ के माध्यम से यह रैली निकाली जाएगी, जिसमें सेकंडो की संख्या में युवा हिस्सा लेंगे

### रामलीला मैदान में हुआ कवि गोष्ठी का आयोजन

**राजन पुरी**

**ऊना:** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जिला ऊना द्वारा नवसम्वत्सर के उपलक्ष्य में कवि गोष्ठी आयोजन रामलीला मैदान अंब में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्षा अखिल भारतीय साहित्य परिषद् रीता सिंह ने किया, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. राजेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अश्विनी कुमार धीमान ने नवसम्वत्सर के परिपेक्ष्य में भारतीय काल गणना पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्कृति के प्रभाव में हम अपने ही वैज्ञानिक तथ्यों को भूल कर पाश्यात्य सभ्यता के अनुकरण में निरंतर आगे बढ़ रहे है, बल्कि हमारा दायित्व बनता है कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक तत्थों को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए, जिससे भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान एवं नवजागरण का भाव पैदा हो। इस कार्यक्रम में रजनीश, पूजा, आरती, अर्चना, पिंकी व नेहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# किसी संभावित दुर्घटना का इंतजार में परवानू से टीटीआर चौंक तक का ओल्ड हाईवे का सफर



**मौत का सबब**

**8 परवाणू से टीटीआर (ओल्ड हाईवे) तक का सफर आवाजाही करने वालो के लिए मौत का सबब बन बैठा है।**

**विमल ग्रोवर**

**परवाणू: परवाणू** से टीटीआर (ओल्ड हाईवे) तक का सफर आवाजाही करने वालो के लिए मौत का सबब बन बैठा है। यहाँ पर सडक पर खड्डे और जहां तहां हुए अतिक्रमण व सडक के दोनों ओर मालवाहक वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने के चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आलम यह है की हाईकोर्ट के आदेशो के बावजूद यहाँ से न तो अतिक्रमण हटाया जा रहा है ओर न ही सडक पर अवैध तरीके से खड़े हुए वाहनों पर कोई कार्रवाई की जा रही है। इस के चलते लोगो को अपनी जान जोखिम में डालकर आना जाना करना पड़ रहा है।बता दें कि परवाणू से टीटीआर चौंक तक की सडक पहले एनएच के अंतर्गत आती थीए लेकिन पिंजौर परवाणू बाईपास शुरू होने के बाद अब यह स्टेट रोड की श्रेणी में आ गयी है। पिंजौर परवाणू बाईपास शुरू हो जाने के बाद इस मार्ग पर यातायात कम होने के आसार जताए जा रहे थे, लेकिन परवाणू को बाईपास से लिंक न मिलने के चलते ओल्ड हाईवे पर यातायात का दबाव घटने के बजाय और बढ़ गया है। परवाणू को यही मार्ग टीटीआर चौंक पर एनएच से जोड़ता है। इसके चलते यहाँ रोजाना सैंकड़ो की तादात में वाहनों की आवाजाही होती है। इस ओल्ड हाईवे की हालत वैसे ही खस्ता है, उस पर आलम यह है की जगह जगह अतिक्रमण व वाहनों की अवैध पार्किंग के चलते लोगो को रिस्क उठाकर इस मार्ग पर सफ? करना पड़ रहा है। परवाणू से लेकर टीटीआर चौंक तक दोनों ओर ट्रक खड़े रहते है। सेक्टर 3 पुरला स्कूल के नजदीक तो एक लोहे के व्यापारी ने अपना सामान रखकर सडक के दोनों ओर कब्जा कर रखा है, इसके अलावा गाडियों की लोडिंग व अनलोडिंग भी सडक में ट्रको को खड़े करके करवाई जा रही है। इस पॉइंट पर लगातार किसी हादसे का खतरा बना रहता है। इसके अलावा अगले मोड़ पर एक सीमेंट की कंपनी के स्टोर के दोनों ओर भारी मालवाहक वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। सडक के दोनों ओर खड़े ट्रको के चलते यहाँ कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है। इस सब के बावजूद रसूखदार लोगों के द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। आलम यह है की हाई कोर्ट ने भी जगह जगह सडक पर अवैध पार्किंग व अवैध कब्जा करने वालो पर कार्रवाई करने की हिदायत प्रशासन को दी है, लेकिन इसके बाद भी इस मार्ग पर प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। एनएच की बात करे तो परवाणू-सोलन एनएच पर दत्यार, कोटी, जाबली में वाहन सडक के दोनों ओर खड़े रहते है। अधिकांश होटल व ढाबे वालो के पास अपनी पार्किंग नहीं है, लिहाजा पर्यटकों को अपने वाहन सडको पर ही खड़े रखने पड़ते है। इस से सडके सिकुड़ कर छोटी हो जाती है व हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। उधर, हाई कोर्ट के दिशा निदेर्शों को लेकर एसडीएम कसौली नारायण चौहान ने कहा की जो भी आदेश हुए हैं उसकी जिला उपायुक्त महोदय द्वारा सभी सम्बंधित विभागों को सख़्ती से पालन करने के आदेश दिए जा चुके हैं।

# जय हिंद क्लब ने रक्कड़ कॉलोनी में लगाया रक्तदान शिविर

**राजन पुरी**

**ऊना: जय** हिंद क्लब रक्कड़ कॉलोनी द्वारा वीरवार को स्थानीय सरकारी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता क्लब के प्रधान मोहिंद्र मनकोटिया ने की। दोपहर बाद तक चले शिविर में 35 से अधिक युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। प्रधान मोहिंद्र मनकोटिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त दान करने से ना सिर्फ हम एक व्यक्ति की मदद करते हैं, बल्कि हमारे शरीर को भी इससे फायदा होता है। नियमित रक्तदान करने से बोन मैरो को हर




बार रक्त बनाने का काम करना पड़ता है। इस अवसर पर क्लब के उपप्रधान मनीष ठाकुर, तुषार जसवाल, साहिल, दीपक, प्रवीण, अनिल, अक्षय, विक्रांत, निशांत, शिवाय, पंकज, रॉबिन शर्मा, विशाल कंवर, उमंग ठाकुर, रजत सिंह, योगेश सोहल, साहिल रायजादा, विशाल रायजादा, अभिनव कुमार, रिपन सहोता, दीपक शर्मा, अंकित भाटिया, नवीन कौशल, यश कौशल, सौरव वशिष्ठ व राजेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में भाजपा को झटका, नगरपरिषद के अध्यक्ष मनोज कांग्रेस में शामिल

**शिमला**

**हिमाचल प्रदेश** में लोकसभा चुनाव और छह सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के बीच हमीरपुर जिले में भाजपा को झटका लगा है। भाजपा समर्थित हमीरपुर नगरपरिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उनके साथ वार्ड नंबर-2 के पार्षद राजकुमार ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। तीन वर्ष पहले हमीरपुर नगरपरिषद में भाजपा ने परचम लहराया था और मनोज मिन्हास अध्यक्ष बने थे। अब उनके कांग्रेस में जाने से भाजपा को झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनोज मिन्हास सहित उनकी पत्नी निशा मिन्हास व राजकुमार को पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल करवाया। मनोज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के 15 महीने के कार्यकाल को सराहनीय बताया है। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि सरकार जनहित में काम कर रही है। कांग्रेस के छह बिकाऊ विधायक जनता का नहीं, निजी विकास चाहते थे। उन्होंने प्रदेश के विकास को सर्वोपरि नहीं माना। जनता ने उन्हें पांच साल के लिए चुनकर भेजा था, लेकिन वह 14 महीनों में ही लोगों से दगा दे गए। उपचुनाव से करोड़ों रुपये का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा। मनोज ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमीरपुर शहर के विकास को गति देंगे। वर्षों से रुके कामों को तेज गति से सिरे चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हमीरपुर शहर के विकास को मुख्य प्राथमिकता दें। शहर का स्वरूप बदलने के लिए कार्य करें। प्रदेश सरकार ने शहर के सौंदर्यीकरण व बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए करोड़ों रुपये का बजट जारी किया है, उसका पूरा सदुपयोग करें। शहर के लोगों को कांग्रेस सरकार के कार्यों से अवगत करवाएं।

# हमीरपुर में भाजपा की रैली में नेताओं ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ निकाला गुब्बार

**रैली**

**8 पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल व हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने विशेष रैली का आयोजन किया गया**

**हमीरपुर**

**कभी** भाजपा का गढ़ और राजनीति और सत्ता का केंद्र कहा जाने वाला हमीरपुर एक बार फिर से सियासत का सेंट्रल प्वाइंट बन गया है। हमीरपुर के गांधी चौक पर वीरवार को भाजपा में शामिल होने के बाद सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, बड़सर के पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल व हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने विशेष रैली का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मौजूद रहे। रैली के दौरान भाजपा नेताओं ने जहां लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार 5 लाख से अधिक मतों से जीतने का संकल्प लिया तो वहीं विधानसभा उपचुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के द्वारा घोषित किए गए पार्टी उम्मीदवारों को जीतने की बात कही । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नौ विधायकों का जिता दीजिए। इनमें से तीन मंच पर विराजमान है इन्हें भारी बहुमत से जिताईए। उन्होंने मंच से इंद्रदत्त लखनपाल, राजेंद्र राणा के पक्ष में जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि हमने वह समय देखा है जब भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश का विकास सुनिश्चित किया है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आजकल बहुत ज्यादा बोल रहे हैं। मालूम पड़ा कि वह बीते बुधवार को हमीरपुर बाजार में टहल रहे थे। उनका ज्यादातर जीवन शिमला में टहलते हुए ही गुजरा है। मेरे बारे में कहने लगे की जयरम ठाकुर आजकल हमीरपुर में ज्यादा घूम रहे हैं। उन्होंने कहन चाहता हूं कि जिनती बार वह 15 महीने में हमीरपुर में आए हैं उससे ज्यादा बार में अपने कार्यकाल के पहले साल में आया चुका हूं। वहीं केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीने में न दा तो दो रुपए किलो गोबर बिका न 100 रुपए लीटर दूर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं का प्रदेश सरकार नौकरी तरक नहीं दे पा रही है।

# प्रदेश सरकार निगम कर्मचारियों संग कर रही सौतेला व्यवहार: रमेश

**राजन पुरी**

**ऊना:** प्रदेश सरकार परिवहन निगम कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। यह बात हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच ऊना के प्रधान रमेश शर्मा ने पुराना बस अडडा ऊना में संपन्न सेवानिवृत परिवहन कर्मचारियों की बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अन्य कर्मचारियों को 50 हजार रुपए की दूसरी किश्त जारी कर दी है, जबकि परिवहन सेवानिवृत कर्मचारियों को पहली किश्त ही नहीं दी गई है। इसके अलावा कर्मचारियों के बकाया



ऐरियर भी नहीं दिया जा र हा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस सौतेले व्यवहार के चलते कर्मचारियों में भारी रोष है।

बैठक में कल्याण ङ्क्षसह, पवन कुमार, तरसेम चंद, ब्रहम दास, हरी चंद, धर्मपाल, रमेश डोगरा, किशन ङ्क्षसह, केवल चंद, रशपाल सिंह, रविदत्त, अशोक कुमार, रामस्वरुप, मंशा राम, ओंकार नाथ, रुप चंद आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कपड़ा व्यापारी को झांसे में लेकर हजारों रुपये की नकदी ऐंठी

**सोनीपतः सिविल लाइन थाना** क्षेत्र कपड़ा व्यापारी को झांसे में लेकर हजारों रुपये की नकदी ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि युवक ने उसे बातों में उलझा लिया और बाद में नकदी लेकर भाग गया। कपड़ा व्यापारी के बयान पर पुलिस ने धोखाधड़ी से चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। इंडियन कॉलोनी निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि वह कपड़े का होल सेल का व्यापार करते है।

वह मंगलवार को होल सेल कपड़े का सामान बेचकर बड़ा बाजार से मुरथल अड्डा की तरफ जा रहे थे। जब वह आर्य कन्या स्कूल के पास पहुंचे तो वहां एक युवक उन्हें मिला। युवक ने झांसे में लेकर कहा कि आपके पास जो रुपये हैं वह उनकी बहन के हैं। उसने कहा कि रुपये दिखाने के लिए उनके साथ चलना होगा। वह कोट मोहल्ला में गली के अंदर ले गया। व्यापारी का आरोप है कि उन पर अचानक बेहोशी सी छा गई। उन्हें लग रहा है कि उन्हें सम्मोहित किया गया था। गली में ले जाकर युवक ने उनसे रुपये दिखाने को कहा। उन्होंने करीब 15 हजार रुपये उसे निकालकर दे दिए। जिस पर युवक रुपये लेकर आगे अंधेरे में गायब हो गया। तब उन्हें नकदी लेकर जाने का अहसास हुआ। वह काफी देर तक उसे तलाश करता रहा, लेकिन वह नहीं मिला। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### उप निदेशक का स्वास्थ्य केंद्रों पर औचक निरीक्षण

**सोनीपतः स्वास्थ्य विभाग** के उप निदेशक (गैर-संचारी रोग) डॉ. ओपी सैनी ने बुधवार को जिला नागरिक अस्पताल समेत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आपातकालीन वार्ड में बेड पर बिछाई गई खराब चादरें देखकर नाराजगी जताई। वहीं पार्क के सुंदरीकरण के लिए फव्वारा और लोगों के घूमने के लिए ट्रैक का निर्माण कराने के निर्देश दिए। जिला नागरिक अस्पताल में उप निदेशक डा. ओपी सैनी सबसे पहले आपातकालीन वार्ड में पहुंचे। वहां उपनिदेशक बेड पर बिछाई गई खराब चादरों को देखकर नाराज हुए। इस पर उप चिकित्सा अधीक्षक डा. गिन्नी लांबा ने खराब चादरों को धुलवाने के लिए नर्सिंग अधिकारियों को कहा। इसके बाद वह ओपीडी में जांच करते हुए फिजियोथैरेपी कक्ष में पहुंचे। वहां उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट को नई मशीनों की खरीद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यालय की तरफ से मशीनों की खरीद में बजट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद वह एड्स जांच केंद्र, सेफ इंडिया फाउंडेशन की ओर से संचालित रसोई और प्रसूति वार्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद वह अस्पताल के बाहर पार्क में पहुंचे। जहां उन्होंने उप चिकित्सा अधीक्षक को पार्क के सुंदरीकरण के लिए फव्वारा लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पार्क के अंदर लोगों के टहलने के लिए ट्रैक का निर्माण करने के निर्देश दिए। इससे पहले उप निदेशक डा. ओपी सैनी ने गांव बेगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गन्नौर स्थित उपमंडल नागरिक अस्पताल और रायपुर स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच की।

# कुरीतियों को दूर करने में ज्योतिबा फूले ने निभाई अग्रणी भूमिकाः राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मुख्यमंत्री मनोहर लाल** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले को नमन करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे उनके आदर्शों व शिक्षाओं तथा संपूर्ण जीवन का अनुकरण कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें। वे महात्मा फूले के जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। जिसका आयोजन नई सब्जी मंडी चौक पर किया गया। राजीव जैन ने महात्मा ज्योतिबा फूले की



माल्यार्पण करते हुए उनके समर्पित जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फूले विरले संत एवं समाज सुधारक थे, जिनका पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। महात्मा फूले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की। कुरीतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने समाज में व्याप्त महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों व शिक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया, जिसके सुखद परिणाम भी सामने आये। उनका मानना था कि भावी पीढ़ी का निर्माण करने वाली माताओं-बहनों को शिक्षित किये बिना समाज व राष्ट्र की वास्तविक उन्नति नहीं हो सकती। जब इस कार्य के लिए उन्हें कोई महिला नहीं मिली तो उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फूले को शिक्षित कर एक शिक्षिका बनाया, ताकि वे महिलाओं को शिक्षित कर सकें। राजीव जैन ने कहा कि महात्मा फूले ने किसानों और श्रमिकों के कल्याण के लिए भी उल्लेखनीय प्रयास किया, जिससे कि उनके जीवन को खुशहाल व समृद्ध बनाया जा सके। इसके लिए उन्होंने किसानों व श्रमिकों को शिक्षित करते हुए संगठित किया। महात्मा फूले ने शोषितों व वंचितों के अधिकारों की भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने वंचितों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षा हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। महात्मा फूले का मानना था कि किसी भी समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिए शिक्षा पहली आवश्यकता है। शिक्षा के बल पर किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। इसलिए शिक्षा के महत्व को गंभीरता से समझने की जरूरत है।

## ज्योतिबा फुले ने समाज में भेदभाव के खिलाफ उठाई आवाजः पूर्व विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव,**
**बहादुरगढ़।**



**शहर** के वार्ड-14 के सैनीपुरा में महान भारतीय विचारक व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में रोहतक लोकसभा संयोजक व पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने मुख्य तौर पर शिरकत की। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके जीवन व शिक्षाओं पर प्रकाश भी डाला। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थितजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूल भारत के महान समाज सुधारक, शिक्षाविद्, लेखक और दार्शनिक थे। उनके पिता एक किसान और मां गृहणी के साथ-साथ धार्मिक प्रवृति की महिला थीं। महात्मा ज्योतिबा फुले ने जीवन पर्यंत समाज में व्याप्त भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। उनका सारा जीवन महिलाओं, गरीबों, वंचितों, शोषितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज सुधारक के रूप में अपनी एक मुख्य भूमिका निभाई और समाज को सदैव एक उचित मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सामाजिक जड़ताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया।

## दिल्ली के दंपति ने पहलवान पर लगाया अवैध कब्जा करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर थाना क्षेत्र** के सेक्टर-23 स्थित मकान पर दिल्ली के दंपति ने कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले प्लॉट पर बने भवन को गिरा दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।हिल लेन दिल्ली निवासी हिना गोयल ने बताया कि उनके पति दिल्ली में घी का व्यापार करते है। उन्होंने वर्ष 2007 में सेक्टर-23 में मकान लिया था। दिल्ली से आकर समय-समय पर मकान की देखरेख करते रहे है। कुछ दिन पहले उन्हें पता लगा था कि राकेश उर्फ धौला पहलवान और उसके साथियों ने मकान पर कब्जा कर रखा है। जिसके बाद वह रविवार को अपने पति नितिन के साथ मकान पर आई थी। जहां पर कई लोगों ने उन्हें धमकाया था। उन्होंने कहा था कि धौला पहलवान ने पहले भी समझाया था कि मकान खाली कराने के लिए रुपये देने होंगे। हीना ने बताया कि मकान खाली करने के लिए धौला पहलवान को तीन लाख रुपये देने के लिए राजी भी हो गए थे। बाद में वह और ज्यादा रुपये मांगने लगे।

आरोप है कि उन्हें कॉल कर कहा कि कभी मकान पर मत आना। उन्हें धमकी भी दी गई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि प्लाट में बने भवन को बुलडोजर की मदद से गिरा दिया गया। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नाबालिग से दुष्कर्मः आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः राई थाना पुलिस** ने नाबालिग से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रविंद्र उर्फ रवि निवासी हेमपुर बिजनौर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बिहार निवासी एक नाबालिग लड़की ने गत 8 अप्रैल को शिकायत देकर बताया था कि रविंद्र उर्फ रवि ने उसके साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दिया। राई थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रानी ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया।

## शहर के चौक चौराहों पर पुलिस ने पैदल मार्च निकाल कर किया लोगों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**

**गुरुवार को** खरखौदा में पुलिस की तरफ से पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें शहर के चौक चौराहों से होकर पुलिस कर्मी गुजरे। इस दौरान एसीपी जीत बेनीवाल ने इस पैदल मार्च की अगुवाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव की शुरूआत हो चुकी है। जिसे शांति पूर्ण करवाने की जिम्मेदारी हम पर है। यह लोकतंत्र का पर्व है सभी लोगों को अपने मतों का प्रयोग करना चाहिए। चुनाव आयोग की हिदायतों का पालन किया जा रहा है और लोगों से भी हिदायतों का पालन करवाया जा रहा है। उन्होंने



कहा कि बाहरी लोग क्षेत्र में ना आए। किसी प्रकार की काई दिक्कत ना हो इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या फिर संदिग्ध गतिविधी होती है तो निर्भय होकर पुलिस को सूचना दे सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पैदल मार्च करते हुए शहर के थाना कलां चौक, दिल्ली चौक, मटिण्डू चौक से वापिस खरखौदा थाना पहुँची।

# चुनावों के दृष्टिगत एसडीएम ने अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः सहायक** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत सैक्टर ऑफिसर व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन करवाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी के तहत सैक्टर सुपरवाईजर को चुनाव के अंतर्गत उन्हें जो बूथ अलॉट किए गये हैं वे उन बूथों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें और यह भी सुनिश्चित करें कि वहां पर मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। यदि



कहीं पर कोई कमी है तो सम्बन्धित विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाकर उसे पूरा करवाना सुनिश्चित करें। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने इस मौके पर बीएलओ को भी निर्देश दिए कि मतदान को लेकर वे लोगों को जागरूक करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में सब आगे आकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। उन्होनें सैक्टर सुपरवाईजर व बीएलओज को भी कहा कि वे

**जिम्मेवारी**

**8 सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि चुनाव के तहत उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है**

अपने-अपने बूथों से सम्बन्धित जो भी आवश्यक कार्य हैं, जैसे बूथों पर रैम्प की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था इत्यादि से सम्बधिंत जो भी आवश्यक कार्य हैं उसे सम्बधिंत विभाग के संज्ञान में लगाकर बेहतर समन्वय बनाकर करवाना सुनिश्चित करें, ताकि मतदान के दौरान किसी को भी किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने इस मौके पर सैक्टर ऑफिसर व चुनाव से जुड़े अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाना हमारी जिम्मेवारी है।

सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि चुनाव के तहत उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है व चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए उसका बेहतर तरीके से निर्वहन करें। बैठक में सैक्टर ऑफिसर व चुनाव से जुडे अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में गोष्ठी का अयोजन

**सोनीपतः लोक सभा चुनाव** को लेकर पुलिस आयुक्त सतीश बालन की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी एसीपी, अपराध शाखा व सभी थाना प्रबंधक मौजदू रहे। गोष्ठी के दौरान जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर विचार विमर्श किया। पुलिस आयुक्त ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अवैध शराब, अवैध नशा व अवैध असला की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। बेल्जम्परों व पैरोलजम्परों को जल्द से जल्द काबू करें। ऐसे मामलों में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं होगी। आयुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है 25 मई को पुरे हरियाणा में मतदान होगा ऐसे समय में अपराधिक किस्म के व्यक्ति अवैध शराब, नशीले पदार्थ व रुपए पैसों की तस्करी कर सकते है। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कानून के दायरे में रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर सख्त से सख्त कारवाई समयबद्ध रूप से करना सुनिश्चित करें व सभी प्रबन्धक थाना अपने अपने एरिया में लोगों को लाइसेंस शुदा हथियार धारकों को जल्द से जल्द अपने हथियार थाना में जमा कराने बारे निर्देशित करें। साथ ही नशे की व्यापक स्तर पर तस्करी करने वालो के खिलाफ ठोस कार्य योजना तैयार की गई ताकि युवा पीढ़ी को इसकी गिरफ्त में आने हेतु उचित कदम उठाए जा सके। वहीं पुलिस आयुक्त ने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगो को सख्त कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

## कार के पास खड़े युवक से सोने की चेन व मोबाइल फोन छीना

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के बहालगढ़-विवेकानंद रोड पर चौ के आगे अपनी कार के पास खड़े युवक से सोने की चेन व मोबाइल फोन झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसने अपने पिता के साथ मिलकर झपटमारों का पीछा भी किया, लेकिन वह भाग निकले। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तह मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिक्का कॉलोनी निवासी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि वह बहालगढ़ रोड पर सोनीपत कार पैलेस के नाम से दुकान चलाते है। वह 9 अप्रैल को अपने पिता मनोहर लाल के साथ दुकान से निकल कर दिल्ली जाने के लिए निकले थे। वह गाड़ी के पास खड़े थे कि बाइक पर दो युवक उनके पास आए। युवक ने अचानक उनका मोबाइल व सोने की चेन छीन ली। वह वहां से भाग निकले। जिस पर वह तथा उनके पिता झपटमारों के पीछे भाग लिये। बाइक सवार नागरिक अस्पताल के पास से सेक्टर-15 होते हुए भागे। आगे जाकर वह सेक्टर-14 पहुंचकर वापस आए और चौराहे से सेक्टर-12 की तरफ भाग गए। उसके बाद उनका पता नहीं लग सका। लक्ष्य शर्मा ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। जिस पर पुलिस ने जांच के बाद झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राठधना ने गुरुग्राम को हरा कर जीता कबड्डी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत जिले के राठधना** गांव में चौथी नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया । प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राठधना की मजबूत टीम ने गुरुग्राम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया । प्रतियोगिता में बालाजी धाम जींद की टीम तीसरे व जेसोरखेड़ी की टीम चौथे स्थान पर रही । पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया ।



विजेता टीम को बतौर पुरस्कार 11 हजार रुपये, उपविजेता को 6100 रुपये और तीसरे व चौथे स्थान पर रही टीमों को 2100-2100 रुपये नकद भेंट कर उनकी हौसलाफजाई की गई । इस अवसर पर एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक ने कहा कि उनकी देखरेख में स्कूल स्तर पर खेल व खिलाड़ियों का समुचित विकास होगा। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में से ही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी निकलेंगे जो हरियाणा प्रदेश व सोनीपत जिले का नाम रोशन करेंगे । उन्होंने कहा कि कुश्ती व कबड्डी जैसे खेलों को स्कूल स्तर पर विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि कबड्डी में सोनीपत जिले ने अनेक अंतरराष्ट्रीय स्टार देश को दिए हैं , जिनसे युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन व प्रेरणा लेना होगा । कोच अंकित सरोहा व ग्रामीणों ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया । इस अवसर पर अतर सिंह, बलगे शर्मा, महेंद्र शर्मा, सतीश सरोहा, अनिल मास्टर, कृष्ण सरोहा, सोनू, आशु, विनय, अमर आदि मौजूद थे ।

# हलके के लोगों की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकताः रविंद्र

### भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही ने नेक कमाई से कराया 6 लोगों की आंखों का ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**भाजपा नेता जिला** पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही द्वारा वर्ष 2016 से हर रविवार को बहादुरगढ़ हलके में निशुल्क नेत्र जांच कैंप लगाकर जांच के उपरांत अपनी नेक कमाई से लोगों की आंखें बनवाने का सेवा कार्य निरंतर जारी है। भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही ने अपनी नेक कमाई से परफेक्ट लेजर आई सेंटर अस्पताल द्वारका दिल्ली में 6 लोगों की आँखों का ऑपरेशन कराया है। भाजपा नेता जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर द्वारा लगाए गए नेत्र जांच कैंप में जांच के उपरांत इन लोगों को मोतियाबिंद की बीमारी पाए जाने पर



आंखों के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया था जिनका परफेक्ट लेजर आई सेंटर अस्पताल द्वारका दिल्ली में नेक कमाई से ऑपरेशन कराया गया है। आंखों का ऑपरेशन होने के उपरांत लाभार्थियों ने बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भाजपा नेता जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही द्वारा नेक कमाई से लगाए जा रहे नेत्र जांच कैंप,फ्री आँखों के चश्मे देने व ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए लोगों की

**सेवा**

**8 कैंप लगाकर जांच के उपरांत अपनी नेक कमाई से लोगों की आंखें बनवाने का सेवा कार्य निरंतर जारी**

आँखों का ऑपरेशन भी अपनी नेक कमाई से कराने के सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसी प्रकार बहादुरगढ़ हलके के लोगों की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही ने कहा कि बहादुरगढ़ हलके के लोगों की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर बराही ने बताया कि सेवा ही संगठन के सिद्धांत पर चलते हुए वे 2016 से लेकर अब तक 3178 लोगो की आँखों का ऑपरेशन अपनी नेक कमाई से करा चुके है। उनके द्वारा लगाए जा रहे नेत्र जांच कैंप में अब तक हजारों लोग आंखों की जांच करा चुके है व अपनी नेक कमाई से हजारों लोगों को दूर व नजदीक के फ्री चश्मे भी दे चुके है।

भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर ने कहा कि सेवा ही संगठन के सिद्धांत का पालन करते हुए बहादुरगढ़ हलके में उनके द्वारा नेत्र जांच कैम्प लगाए जाने का सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

## एक्सप्रेस ट्रेन में महिला का बैग छीनने के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

**मथूरा से चण्डीगढ़ ट्रेन** में सफर कर रही महिला का ट्रेन से नकदी, आभूषण व मोबाइल से भरा पर्स छीनने के आरोपित को अदालत में ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह की अदालत ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 40 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर दोषी को नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। उत्तर प्रदेश के जिला कासगंज के गांव नंगला चंदन निवासी देवी सिंह ने 27 सितंबर, 2019 को रेलवे थाना पुलिस को बताया था कि वह 19 जुलाई, 2019 को पत्नी सर्वेश देवी के साथ एक्सप्रेस ट्रेन में मथुरा से चंडीगढ़ जा रहे थे। जब वह तड़के तीन बजे राजलूगढ़ी रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे तो एक युवक अचानक उनकी पत्नी का पर्स छीनकर भाग गया था। पर्स में उनके दो मोबाइल, सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, साढ़े चार हजार रुपये व कागजात थे। उन्होंने मामले से चंडीगढ़ जीआरपी को अवगत कराया था। जहां से शून्य एफआईआर दर्ज कर सोनीपत पुलिस को भेजी थी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित गांव बारोटा निवासी आशीष उर्फ आशु को गिरफ्तार किया था। उससे 39 सौ रुपये की नकदी बरामद कर गई थी। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। मामले में सुनवाई के बाद एएसजे शैलेंद्र सिंह की अदालत ने आरोपित को दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को झपटमारी के मामले में पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

## संपादकीय

# एक बार फिर चर्चा में फिल्म द केरल स्टोरी

**फिल्म द** केरल स्टोरी एक बार फिर चर्चा में है। किंतु इस बार इसके चर्चा में आने का कारण बना है चर्च । यह फिल्म इडुक्की डायोसीज चर्च में कक्षा 10, 11 और 12 की छात्राओं के लिए प्रदर्शित की गई। चर्च ने लव जिहाद के खतरों पर प्रकाश डालते हुए "प्यार" पर एक पुस्तिका भी जारी की। केरल में कई ईसाई धर्मगुरु राज्य में ईसाई लड़कियों के इस्लाम में धर्मान्तरण का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि इस पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाए। वास्तव में फिल्म को चर्च में ईसाई लड़कियों को दिखाया जाना कोई सामान्य बात नहीं है। कहना होगा कि कहीं कुछ हो रहा है, जो बहुत ही अनुचित है। चिंता में डालता है। भविष्य को लेकर भयाक्रांत करता है। अपने समाज अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष और जागरुकता के लिए प्रेरित करता है। दरअसल, लव जिहाद यह शब्द जब पहली बार प्रचलन में आया तो सेक्युलर जमात ने इसका मजाक बनाने में जरा भी देरी नहीं की थी । इसे मिथ्या और एक वर्ग विशेष के प्रति दुर्भावना रखने के कारण से पैदा हुए शब्द के रूप में प्रचारित किया । कहा गया, मुसलमान और इस्लाम को बदनाम करने के लिए भारत में कट्टर हिन्दुओं ने यह शब्द गढ़ा है, लव जिहाद जैसा कहीं कुछ भी नहीं होता। कोई मुसलमान लव जिहाद नहीं करता। किंतु इस लव जिहाद की सच्चाई यह है कि इस शब्द की उत्पत्ति किसी हिन्दू मन की उपज नहीं है। वर्ष 2003 और 2004 में इग्लैंड समेत तमाम यूरोपीय देशों में इस बात को लेकर विवाद की शुरूआत हुई कि मुस्लिम युवा वहां की ईसाई लड़कियों को बहला-फुसलाकर न केवल काबू में कर रहे हैं, बल्कि उनको इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उसी समय सबसे पहले इस्लाम के इस क्रूर चेहरे को लव जिहाद का नाम दिया गया। वहीं, भारत में 14 साल पहले लव जिहाद शब्द का पहली बार इस्तेमाल हुआ, जब केरल कैथलिक बिशप काउंसिल ने दावा किया था कि लगभग 4,500 लड़कियों को लव जिहाद का निशाना बनाया गया है। इसी दौरान हिन्दू जनजागृति संगठन का भी आरोप सामने आया था कि केरल में 30,000 लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया गया है। ध्यान रहे, यह आंकड़ा केरल राज्य का है, वह भी चौदह वर्ष पहले का। पहली बार 2009 में यह शब्द प्रचलन में तब आया जब इसको लेकर केरल के तत्कालीन मार्क्सवादी मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन ने कहा कि समूचे केरल के इस्लामीकरण की साजिश चल रही है। यहां सुनियोजित तरीके से हिन्दू और ईसाई लड़कियों के साथ मुस्लिम लड़कों के निकाह कराने का षड्यंत्र चलाया जा रहा है। तत्पश्चात तत्कालीन जस्टिस केटी शंकरन ने भी माना था कि केरल के कुछ हिस्सों में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले मिले हैं। केरल उच्च न्यायालय ने प्यार की आड़ में जबरन धर्म परिवर्तन के संकेत पाए जाने पर सरकार से ऐसे भ्रामक कृत्यों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने पर विचार करने को कहा । न्यायालय का कहना था कि प्यार के बहाने कोई बाध्यकारी, भ्रामक धर्म परिवर्तन नहीं हो सकता। इस वक्त पुलिस रिपोर्ट में यह सामने आया कि "कुछ संगठन" अन्य धर्म की लड़कियों को इस्लाम में परिवर्तित करने का ठोस प्रयास करते पाए गए। । पुलिस की विशेष शाखा की रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिम संगठन अपनी लव जिहाद की योजना को पूर्ण करने के लिए अच्छे परिवारों की प्रतिभाशाली उच्च जाति की हिन्दू और ईसाई लड़कियों को फंसाने का काम करते हैं ।

# और भी जलियांवाला बाग नरसंहार हैं भारत में

रमेश शर्मा

"ऐसा कोई देश अपवाद नहीं । अमेरिका और अफ्रीका में अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार किए जाने की घटनाओं से भी इतिहास भरा है । अंग्रेज ही नहीं अन्य यूरोपियन्स समूहों द्वारा भी सामूहिक नरसंहार करना सामान्य बात है । भला यूरोप का ऐसा कौन सा देश है जहां यहूदियों का सामूहिक नरसंहार न हुआ हो । लाखों यहूदियों का तड़पा-तड़पा कर प्राणांत किया गया । केवल भारत है, भारत की सनातन परंपरा है। इन्हीं लोगों ने विश्व बंधुत्व, परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों की स्थापना की बात की । भारतीय जन जब गए, जहां गए, दुनिया के जिस कोने में गए, शांति का संदेश लेकर ही गए । न तो सत्ता हथियाने के षडयंत्र चलाये और न लूट बलात्कार किए । यदि हम इतिहास की घटनाओं का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि सनातन परंपरा का अनुपालन करने वाले भारतीयों के अतिरिक्त अन्य सभी समूहों द्वारा की गई प्रेम, शांति और भाईचारे की बातें मानो बनावटी रहीं"

**जलियांवाला बाग** नरसंहार को 13 अप्रैल को एक सौ चार वर्ष हो जाएंगे । 13 अप्रैल 1919 को जनरल डायर ने वैशाख उत्सव के लिए एकत्रित भीड़ और सैकड़ों निर्दोष नागरिकों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था । इसमें तीन सौ से अधिक लोगों का बलिदान हुआ और डेढ़ हजार से अधिक लोग घायल हुए थे । इनमें से भी अनेक लोगों ने बाद में प्राण त्यागे । ये सब संख्या जोड़े तो मरने वालों के आंकड़ा आठ सौ के पार हो जाता है। भारत में सामूहिक नरसंहार का एक लंबा इतिहास है । अंग्रेजों से पहले भी सामूहिक नरसंहार हुए । हर आक्रांता ने नरसंहार किए हैं। भारत पर विदेशी आक्रमण और विदेशी हमलावरों द्वारा लूट और अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए यह खूनी खेल लगभग बारह सौ वर्ष तक चला । शायद ही कोई ऐसा दिन गया हो जब भारत की धरती अपने ही बेटों के रक्त से लाल न हुई हो । सैकड़ों घटनाओं का जिक्र तक नहीं है । जिनका है उनका एक दो पंक्तियों में मिलता है । यदि सभी सामूहिक नरसंहार की गणना की जाए तो लिखने के लिए पन्ने कम पडेंगे। अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया यह नरसंहार भी पहला या अंतिम नहीं है । अंग्रेजीराज में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे सामूहिक नरसंहार किए जाने की घटनाएं भी पचास से अधिक हैं। इनमें हजारों लोगों का बलिदान हुआ । लेकिन जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार भारतीय इतिहास में एक नया मोड़ लेकर आया । उसके बाद भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में तेजी आई । यह तेजी दोंनो प्रकार के आंदोलन में देखी गई । अहिंसक और आलोचनात्मक संघर्ष में भी और सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन में भी । जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार के बाद मानों भारतीयों की सहनशक्ति जबाब दे गई थी । यह ठीक वैसा ही है जैसे जल से भरा हुआ प्याला एक बूंद पानी भी पचा नहीं पाता । एक अतिरिक्त बूंद और आने पर छलक उठता है। भीतर का पानी भी बाहर फेंकने लगता है। ठीक वैसे ही अंग्रेजों के आतंक से आकंठ डूबे भारतीय जन मानस में एक ज्वार उठ आया । इस घटना के बाद स्वाधीनता संघर्ष को एक नयी गति मिली और पूरा भारत उठ खड़ा हुआ । इससे पहले भी ऐसी घटनाएं स्वतंत्रता या स्वाभिमान संघर्ष के लिये निमित्त बनी हैं । 1857 में भी यही हुआ था । प्लासी का युद्ध जीतकर ही अंग्रेजों ने भारत में दमन




चक्र चलाना आरंभ कर दिया था । जो 1803 में दिल्ली पर कब्जा करने के बाद बहुत तेज हुआ। अंग्रेजों के अत्याचारों का प्रतिकार भी लगातार हुआ । यदि अत्याचार प्रतिदिन हुए तो उनका प्रतिकार भी प्रतिदिन हुआ । किंतु 1857 में मंगल पांडे के बलिदान के बाद भारत में क्रांति की ज्वाला धधक उठी और पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आरंभ हो गया । बलिदानी मंगल पांडे का प्रतिकार ही 1857 की क्रान्ति का मूल बनी। इतिहास की वही पुनरावृत्ति जलियांवाला बाग कांड के बाद हुई । उस दिन जलियांवाला बाग में लोग किसी संघर्ष के लिये एकत्र नहीं हुए थे । वैशाखी मनाने एकत्र हुए थे । यदि संघर्ष के लिए एकत्र होते तो महिलाओं और बच्चों को भी साथ क्यों ले जाते । हां, यह बात अवश्य है कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक थे । वहां एकत्र समूह संस्कृति और परंपरा निर्वहन के संकल्प के साथ ही वहां एकत्र हुए थे । लेकिन अंग्रेजी फौज ने चारों ओर से घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग आरंभ कर दी । इस कांड के प्रतिशोध के लिए सैकड़ों युवाओं ने संकल्प लिया किंतु सफलता क्रांतिकारी ऊधमसिंह को मिली । उन्होंने लंदन जाकर जनरल डायर को मौत की नींद सुला दिया । इस कांड पर अंग्रेजों को खेद जताने में सौ साल लगे । 2019 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पहली बार खेद जताया । इससे पहले अंग्रेजों ने इस घटना और इस तरह की तमाम घटनाओं को कभी गंभीरता से न लिया था । वे हर नरसंहार का औचित्य प्रमाणित करते रहे । अंग्रेजों या यूरोपियन्स ने ऐसे नरसंहार केवल भारत में ही नहीं किए हैं । पूरी दुनिया में किए हैं । इसका कारण यह है कि वे इस प्रकार के सामूहिक नरसंहार करने के आदी रहे हैं । मध्य एशिया से लेकर यूरोप तक के लोग जिन भी देशों में भी गए, उन देशों में जाकर अपनी सत्ता स्थापित करने या स्थापित सत्ता को सशक्त करने के लिये नरसंहार ही किए हैं । ऐसा कोई देश अपवाद नहीं । अमेरिका और अफ्रीका में अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार किए जाने की घटनाओं से भी इतिहास भरा है । अंग्रेज ही नहीं अन्य यूरोपियन्स समूहों द्वारा भी सामूहिक नरसंहार करना सामान्य बात है । भला यूरोप का ऐसा कौन सा देश है जहां यहूदियों का सामूहिक नरसंहार न हुआ हो । लाखों यहूदियों का तड़पा-तड़पा कर प्राणांत किया गया । केवल भारत है, भारत की सनातन परंपरा है। इन्हीं लोगों ने विश्व बंधुत्व, परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों की स्थापना की बात की । भारतीय जन जब गए, जहां गए, दुनिया के जिस कोने में गए, शांति का संदेश लेकर ही गए । न तो सत्ता हथियाने के षडयंत्र चलाये और न लूट बलात्कार किए । यदि हम इतिहास की घटनाओं का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि सनातन परंपरा का अनुपालन करने वाले भारतीयों के अतिरिक्त अन्य सभी समूहों द्वारा की गई प्रेम, शांति और भाईचारे की बातें मानो बनावटी रहीं, दिखावा रहीं । वे सेवा शांति की बात करके अपने निश्चित अभियान में सदैव लगे रहे । ऐसा आज की दुनिया में भी देख सकते हैं । लेकिन भारतीय सदैव इससे अलग रहे । वैदिक आर्यो से लेकर स्वामी विवेकानंद तक जो जहां गया, सबसे जीवन का संदेश ही दिया । पूरे विश्व को अपना कुटुम्ब माना और प्रकृति से जुड़कर सह अस्तित्व के साथ जीने की शिक्षा दी । आज के आधुनिक युग में भी यदि भारतीय बच्चे कहीं जा रहे हैं तो सेवा के लिए जा रहे हैं । आज की दुनिया में भला ऐसा कौन सा ऐसा संस्थान है जो भारतीयों की सेवा से पुष्पित और पल्लवित न हो रहा हो । सुविख्यात वैज्ञानिक संस्थान नासा से लेकर बिल गेट्स के औद्योगिक समूह तक सबकी नींव में भारतीय हैं । लेकिन अन्य का चरित्र और संस्कार ऐसे नहीं हैं । उनका आरंभिक स्वरूप, बातचीत और व्यवहार भले ही कैसा हो पर बहुत शीघ्र वे शोषण और दमन पर उतर आते हैं । भारत में लगभग सभी विदेशी आगन्तुकों ने ऐसा ही किया । यदि उनके विचारक पहले समूह बनाकर आए तो भी वे भूमिका के लिए आये थे । जो बाद के हमलावरों के आने पर स्पष्ट हुआ। अंग्रेजों ने भी यही शैली अपनाई । अंग्रेजों ने सबसे पहले विचारक भेजे, दक्षिण भारत में चर्च बनाया, दूसरे क्रम पर व्यापार की बात हुई और अंततः सत्ता शोषण और दमन का आरंभ । यही है अंग्रेजों का इतिहास । अंग्रेजों ने जो आरंभ सबसे दक्षिण भारत से किया, वही शैली उन्होंने पूरे भारत में अपनाई । पहले चर्च, फिर व्यापार। फिर सेना । भारत के मध्य भाग के शासकों की हो या दिल्ली के दरबार की सब जगह एक ही शैली । दिल्ली और पंजाब पर कब्जा करने में अंग्रेजों को लगभग पौने दो सौ साल लगे । मुगल दरबार में अंग्रेजों की आमद 1600 के बाद आरंभ हुई और 1803 में दिल्ली पर अधिकार कर लिया । उनका चौथा चरण सामूहिक दमन नरसंहार और लूट का ही रहा है । जलियांवाला बाग की भांति ही अंग्रेजों द्वारा सामूहिक दमन और नरसंहार से भारत का हर कोना रक्त रंजित है । अंग्रेजों ने एक दर्जन से अधिक नरसंहार तो केवल वनवासी क्षेत्रों में किए थे। कौन भूल सकता है गुजरात के सांवरकाठा कांड को। अंग्रेजों ने वनवासियों को समस्या सुनने के बहाने एकत्र किया और गोलियों से भून दिया। इस कांड में भी सैकड़ों वनवासी बलिदान हुए । शव उठाने वाला भी कोई न बचा था । मध्य प्रदेश में सिवनी जिले से लेकर नर्मदापुरम तक की पूरी वनवासी पट्टी पर कितना रक्त बहा, कोई देखने वाला तक नहीं। झारखंड में बिहार में क्रूरता और बर्बरता से हुए इन नरसंहारो के विवरण भरे पड़े हैं । जो स्वयं अंग्रेज अधिकारियों ने अपनी डायरियों के पन्नों पर लिखे हैं।

## कविता

अरे वाह मौसम विज्ञानी तेरी अद्भुत
बड़ी कहानी
तू हर दल में मंडराए
जहां भी दीखै तवा परात तू डेरा वही जमाए

पहले दादा चले थे उस पर तूने राह वो पकड़ी
बाप गए जो छोड़ विरासत वो माला तूने
जकड़ी
उस थाली में छेद करै तू जिसमें बैठा खाए

उल्टा पुलटा जटटा, और पत्थर का हो बटटा
जितनी बार भी तोलो निकले उतना ही घट्टा
हम सोचे बदला रिवाज, पर तू उसे छोड़ ना
पाए

छह सालों की कुर्सी सौंपी तुझे बनाया हीरो
दलबदलू साबुन से नहाकर, कर दिया सब
कुछ जीरो
कीसानी पर घौंप छुरा, तू कैसा मर्द कहाए

आखिर तूने बजा दिया इस लोकतंत्र का बाजा
आया राम और गया राम की कायम है परिभाषा
यह तेरी सतरंगी छतरी गगन मगन लहराए

कलमकार राजव्रत

## मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव

**मेरी या**ददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है ,लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौका है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है ,वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है। तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया,जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर कानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता कानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेद कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है । उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है।

आप गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र ' न्याय पत्र ' के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के होश उड़ते दिखाई दे रहे है। भाजपा के पहले दर्जे के नेताओं ने कनग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी है।

## विचार

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति बिड़ला

रमेश सर्राफ धमोरा

**हरियाणा** सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चर्चाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।

जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स ) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके।

हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आध्यात्म

# सूर्य के समान ही अष्टभुजा धारी माता कुष्मांडा

मां कुष्मांडा देवी का अवतार, मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक है जिनकी पूजा नवरात्र के चौथे दिन की जाती है। मां दुर्गा के इस अवतार का नाम, तीन शब्दों से मिलकर बना है - कु यानी छोटा सा, उस्मा यानी ऊर्जा और अंडा यानी एक गोला। अर्थात, मां कुष्मांडा के नाम का पूरा मतलब है- ऊर्जा का एक छोटा सा पवित्र गोला। कहा जाता है, कि जब सृष्टि में चारों ओर अंधकार फैला था, तब माँ दुर्गा अपने इसी स्वरूप में प्रकट हुई थीं। अपनी मनमोहक मुस्कान से माँ दुर्गा ने चारों तरफ प्रकाश उत्पन्न कर ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इस कारण, यह आदि स्वरूपा या आदिशक्ति के नाम से भी जानी जाती हैं। मां कुष्मांडा को ब्रह्मांड की पहली देवी कहा गया है, जो आंतरिक शक्ति का एक रूप हैं।

मां कुष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, जो आठों दिशाओं को दर्शाती हैं। इसी कारण, उन्हें अष्ट भुजाओं वाली भी कहा जाता है। मां के सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमंडल, कमल पुष्प, कलश और बांध क्रमशः सुशोभित रहते हैं और उनके आठवें हाथ में, सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला विभूषित है।

माना जाता है, कि जब सृष्टि की कोई रचना नहीं हुई थी, तब एक छोटा सा ऊर्जा का गोला उत्पन्न हुआ और उस गोले ने आठों दिशाओं में रोशनी फैला दी। देखते ही देखते, उस गोले ने एक नारी का रूप ले लिया। वह नारी और कोई नहीं, बल्कि माता कुष्मांडा थीं। इस प्रकार, उन्होंने सृष्टि की रचना की। माता कुष्मांडा के नाम में ही सृष्टि की रचना का भाव छुपा है।सृष्टि की रचना कर माता कुष्मांडा ने 3 देवियों को जन्म दिया और अन्य देवताओं की रचना की। उन्होंने अपने त्रिनेत्र से तीनों देवियों की सर्जना की। उन्होंने अपने बाएं नेत्र से महाकाली देवी को उत्पन्न किया` दाएं नेत्र से मां सरस्वती देवी को उत्पन्न किया, तो वहीं, अपने मस्तक पर केंद्रित आंख से महालक्ष्मी देवी का निर्माण किया। तत्पश्चात, उन्होंने तीनों देवियों से एक नर और एक नारी को प्रजनित कराया। उन्होंने महाकाली देवी से उत्पन्न हुए पुरुष को भगवान शिव और महिला को माता सरस्वती का नाम दिया तदोपरांत, उन्होंने जीवनसाथी के रूप में ब्रह्मदेव को माता सरस्वती, भगवान शिव को मां शक्ति और भगवान विष्णु को लक्ष्मी माता प्रदान किया।

## बोटी फेंको तमाशा देखो

डॉ. सुरेश कुमार

**एक बेरोजगार** कुत्ते ने देखा वादों के कूड़ा-कर्कट में रोजगार की ढेर सारी बोटियाँ इधर-उधर बिखरी पड़ी हैं। यह आँखों का धोखा है या फिर ठगने की नई चाल, उसे समझ नही आया। कुछ देर इधर-उधर देखा तो जाना कि यहाँ तो एक से बढ़कर एक मनलुभावन वादों की लपलपाती बोटियाँ हैं। रोजगार की बोटी अकेली नहीं, इसके सहचर भी ललचाने बैठे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य के नूडल्स, बूढ़ों को पेंशन का पिडिग्री बिस्कुट, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की रबड़ी, स्मार्ट शहरों की बिरयानी सब ललचा रहे थे। लंबी-लंबी फेंकने की जलेबी का तो अलग आकर्षण है। चखने के लिए एक मुँह बस नहीं हो सकता। उन जलेबियों पर पैकेजों की रबड़ी तो और चटकदार लगती है। जहाँ देखो वहाँ वादों के एक से बढ़कर एक पकवान दिखाई दे रहे हैं। थोड़े छोटे तो थोड़े बड़े लगते हैं। यहाँ गरीबी की मिर्ची, कंगाली का आटा, पिछड़ेपन की करेली कड़वाहट का नामोंनिशाँ नहीं है। इन वादों के पकवान वाली जादूगरी ऐसी कि कोई भी फंस सकता है, फिर भी सभी दौड़े-दौड़े चले आ रहे हैं। भूखे और तड़पते मरने से अच्छा है कि चंद मिनटों के पकवान वाली मौत ही सही। जमाना वादों के पकवान खाना चाहता है। तरह-तरह स्वाद का लुत्फ उठाना चाहता है। यहाँ शिरखुर्मा को जिहादी कहकर मोदकों से भिड़वाया जा रहा है। मोदकों को रसगुल्लों से लड़वाया जा रहा है। चूंकि भिड़ना, लड़ना दोनों पकवान हैं, कुत्ते बेवकूफ बनते जा रहे हैं। कुत्ते भूल चुके हैं कि वे कुत्ते हैं। जमाने के साथ-साथ उसे फंसाने के तरकीबें बदली हैं, लेकिन वह नहीं बदला। इस बार कुत्ते मुफ्त वादों के पकवान वाले कूड़े-कर्कट की मौज ले रहा है।

जब तक बोटियाँ हैं तब तक उसके दिन अच्छे हैं। यहाँ वादें बदलते हैं, कुत्ते नहीं। वादे खत्म के होने साथ कुत्ते कूड़े-कर्कट की बदबू में उलझकर रह जाएगा। वह लाख कोशिश करेगा बाहर निकलने की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। तभी झूठे वादों के पकवान बनाने वाला आएगा और धीरे से से कुत्तों को धर दबोचेगा और उन्हें कुत्तों को पकड़ने वाली गाड़ी में अपने साथ ले जाएगा। कुत्ते पकड़ने का खेल सदियों से चला आ रहा है और इन बोटियों के नाम पर कुत्ते हमेशा से फंसते जा रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी ने अपने संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया है: ज्ञानचंद गुप्ता

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया है। 10 सालों में मोदी सरकार ने भारत माता के मुकुट जम्मू-कश्मीर से 370 का दाग हटाया। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए बलिदान हुए चार लाख लोगों के सपनों को भव्य मंदिर बनाकर और उसमें रामलला विराजमान कर पीएम मोदी ने साकार किया। श्री गुप्ता ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता मोदी को चाहती है, मोदी से प्रेम करती है। अब तो देश के अंदर नरेंद्र मोदी के नाम की आंधी चल रही। लोग बोल रहे हैं कि पीएम मोदी का कोई मुकाबला नहीं, मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। ये बातें ज्ञानचंद गुप्ता ने गुरुवार को रामगढ़, कोट, रत्तेवाल, टोका, बरवाला आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड मतों से जिताने की अपील भी की।

ज्ञानचंद गुप्ता ने ग्रामवासियों और अन्य प्रमुख लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि 25 मई को कमल के फूल के ऊपर बटन दबाकर बंतो कटारिया को जिताकर के भेजें और नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि आपका एक-एक वोट मोदी जी की 400 फूलों की माला का एक फूल होगा। श्री गुप्ता ने गांवों में रहने वाले भाजपा के कार्यकताओं का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र प्रमुख अपने-अपने शक्ति केंद्रों को जीतने का काम करें, बूथ प्रमुख अपने बूथों को और अधिक मजबूत करें और एक-एक मतदाता को बूथों पर लाने का प्रयास करें तथा भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि सभी त्योहार हर वर्ष आते हैं, लेकिन लोकतंत्र का यह पर्व पांच साल में एक बार आता है। हमें अपने मत के प्रयोग का अधिकार मिला है इसलिए भी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि आज देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। रोड कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। डिफेंस के मामले में भारत आत्मनिर्भर इन दस सालों में हुआ है। जो हेलीकॉप्टर दूसरे देशों से मंगवाते थे, आज भारत उनकाएक्सपोर्ट कर रहा है। गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीब व्यक्ति खुशहाल हो रहा है। श्री गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान के दौरान बंतो कटारिया को बड़े मार्जिन से जीताकर लोकसभा भेजने की अपील की।

जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा कि आयुष्मान कार्ड और चिरायु कार्ड से गरीब व्यक्ति को बीमारी के दौरान अपना इलाज करवाने के लिए पांच लाख रुपये तक का अधिकार मिला है। पीएम मोदी ने देश के अंदर लगभग 50 करोड लोगों के जनधन खाते खुलवाएं। कांग्रेस को निशान पर लेते हुए श्रीमती कटारिया ने कहा कि जब कांग्रेस ने मजाक उड़ाया था कि इन खातों में पैसे कहां से आएंगे। उन्होंने कहा कि आज जनधन खातों में छोटी-छोटी बचत द्वारा अरबों रुपये जमा हैं।

### सोनीपत: मादक पदार्थ तस्करी के दो दोषियों को दस-दस साल की कैद

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

सोनीपत की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. संजीव आर्य ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी गुरुवार को दोषी करार दिए। अदालत ने दोषियों को दस-दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर एक साल अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। दोषी हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के थाना बंजार के गांव थारी मल्ला निवासी दुल्ले राम और गांव घलियाड़ निवासी उत्तम राम हैं। मादक पदार्थ निरोधक सेल में नियुक्त तत्कालीन एसआई नरेश कुमार ने 16 मार्च, 2021 को बरोदा थाना पुलिस को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ गोहाना में गश्त कर रहे थे। तब उन्हें सूचना मिली थी गोहाना की तरफ से मादक पदार्थ तस्कर बोलेरो गाड़ी लेकर रोहतक की ओर जाने वाले हैं। वह गाड़ी की स्टेपनी के पास लगवाए गए बॉक्स में मादक पदार्थ छिपाकर ले जा रहे हैं।

पुलिस टीम ने भैंसवान चौकी के पास नाका लगाकर स्टेपनी के साथ अलग से बनवाए गए बॉक्स को खुलवाया तो उसमें पैकेट भरे मिले थे। पुलिस ने गाड़ी में सवार दोनों व्यक्तियों को काबू कर लिया था। हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू के थाना बंजार के गांव थारी मल्ला निवासी दुल्ले राम और गांव घलियाड़ निवासी उत्तम राम के रूप में पहचान दी थी। तत्कालीन एएसपी निकिता खट्टर की मौजूदगी में तलाशी ली थी। पैकेट की जांच की तो उसमें 8 किलो 125 ग्राम चरस मिली थी। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में बरामद चरस का मूल्य करीब 6 लाख रुपये बताया गया था। इसे 10 लाख रुपये में बेचा जाना था। पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था।

# स्ट्रीट चिल्ड्रेन: कभी चुनावी मुद्दा नहीं बना चुनौतियों से जूझता बचपन

**बच्चों की दुर्दशा**

**8 -राजनीतिक दलों और आम नागरिकों को देना होगा इस पर ध्यान: सतीश**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

स्ट्रीट चिल्ड्रेन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 12 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन सड़क पर रहने वाले बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके समावेशन और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। स्ट्रीट चिल्ड्रन को 18 वर्ष से कम उम्र के उन बच्चों के रूप में परिभाषित किया गया है जो सड़कों पर या अस्थायी शिविरों में रहते हैं और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा या पर्यवेक्षण नहीं दिया जाता है। वे अक्सर भूख, बेघरता और हिंसा का अनुभव करते हैं और विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करते हैं। सड़क पर रहने वाले बच्चों के भी स्कूल छोड़ने और अवैध गतिविधियों में शामिल होने की अधिक संभावना है। मथुरा जनपद में बाल अधिकार कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा सड़क एवम झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले सैकड़ो बच्चो को शिक्षा संस्कार एवम समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सतत रूप से वर्ष 2008 से कर रहे है।

बाल अधिकार कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा कहते है यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनियां के सबसे बडे लोकतंत्री में दुनियां का सबसे बडा मुद्दा कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। इस ओर राजनीतिक दलों और आम नागरिकों को ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया हर साल 12 अप्रैल को स्ट्रीट चिल्ड्रेन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाती है। इस दिन की शुरूआत सड़क पर रहने वाले बच्चों की आवाज उठाने के लिए की गई थी। ऐसा इसलिए ताकि उनके अधिकारों की अनदेखी न की जा सके. यह दिन मानवाधिकार संगठनों को दुनिया भर में सड़क पर रहने वाले बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। सरकारों, मानवाधिकार निकायों और व्यक्तियों के केंद्रित प्रयासों से, सड़क पर रहने वाले बच्चों का पुनर्वास किया जा सकता है और उन्हें प्यार भरे घरों में रखा जा सकता है।

## महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई



**पीलीबंगा/टीम एक्शन इंडिया**

वार्ड नंबर 9 स्थित आंगनवाड़ी में महात्मा ज्योतिबा फुले की 197 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गणेशराम दादरवाल ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। इन्होने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया तथा महिलाओं व पिछड़े और अछूतो के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गो को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे।

इस दौरान अलग-अलग समाज के पदाधिकारी व समाज बंधुओं ने भाग लिया।इस दौरान अरविंद सिंह, हरबंश सिंह लखेसर, अजायब सिंह,कुम्हार समाज अध्यक्ष गणेशराम दादरवाल,अंतराम कुचेरिया, मनफूलराम लोहानिवाल,आशाराम,ताराचंद,सुरजाराम ा ओड,राकेश, हुकमचंद सैनी,सतपाल सैनी, लीलाधर सैनी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में कोतवाली रोड तथा होली गेट स्थित कई खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई।

टीम द्वारा होली गेट भूतिया में संचालित गोविंद प्रसाद पिसाई केंद्र पर कार्रवाई करते हुए सबूत कुट्टू तथा कुट्टू आटा एवं कोतवाली रोड स्थित अननया प्रोविजन स्टोर से कुट्टू आटा मैसर्स मुरलीधर खेमचंद किराना स्टोर से कुट्टू आटा ,कोकराम एंड संस प्रोविजन स्टोर से कुट्टू आटा एवं सब्जी मंडी कोतवाली रोड स्थित खाद्य तेल व्यवसायी के यहां से सरसों तेल सैंपल जांच हेतु संग्रहित किए गए। कार्रवाई के दौरान एस एस निरंजन, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।



सभी खाद्य कारोबारी को निर्देशित किया जाता है कि वे मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों का विक्रय न करें यदि विक्रय करते हुए पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे।

**-डॉ. गौरी शंकर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा।**

## गुरुग्राम पुलिस ने साइबर ठगों से 1 करोड़ 32 लाख वापस निकाले

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम पुलिस ने साइबर ठगों के चंगूल से 1 करोड़ 32 लाख रुपये वापस निकालकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह रकम पुलिस ने पीड़ित को लौटाई तो उन्होंने पुलिस का धन्यवाद किया।

बता दें कि 3 फरवरी 2024 को एक व्यक्ति ने थाना साईबर अपराध पूर्व गुरुग्राम में शिकायत देकर कहा था कि व्हाट्सएप के माध्यम से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट कराने का प्रलोभन दिया था। इन्वेस्टमेंट के नाम पर उससे 1 करोड़ 32 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। इस शिकायत पर थाना साईबर अपराध पूर्व गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया था। थाना साइबर अपराध पूर्व प्रबंधक निरीक्षक सवित कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने पुलिस टीम के साथ मिलकर 7 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की।

## धूमधाम से मनाया ईद-उल-फितर पर्व

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

जामा मस्जिद में वीरवार को ईद-उल-फितर पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने ईदगाह में नमाज अता करके अल्ला ताला से बरकत तथा अमन चैन की की दुआ मांगी। हांसी ब्रांच नहर के निकट ईदगाह में ईद-उल-फितर पर्व पर नवाज अता करने के लिए इस्लाम धर्म के अनुयायी गुरुवार सुबह से ही ईदगाह में जमा होना शुरू हो गए थे।

हजारों की संख्या में मुसलमानों ने नमाज अता की तथा सदका, फितरा, जकात जमा कराई, वहीं गरीबों को दान दिया। जामा मस्जिद के इमाम दीन मोहम्मद ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज पढ़ाई तथा भाइचारे को मजबूत करने व विश्व शांति,



कौमी एकता की दुआ अल्लाताला से मांगी। उन्होंने बताया कि यह पर्व हमें हजरत इब्राहिम के बलिदान की याद दिलाता है, जिससे मानवता को उच्च नैतिक मूल्यों के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं। बाद में सभी ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद-उल-फितर की बधाई दी तथा सुखद भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मस्जिद के बाहर खिलौनों, मिठाइयों, चाट पकौड़ी की दुकाने सजाई गई थी। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। ईद-उल-फितर पर्व को देखते हुए ईदगाह के निकट पुलिसबल तथा खूफिया एजेंसियों के लोगों ने लगातार निगाहें जमाए रखी।

## सोनीपत: कुंडली में बोलेरो से टकराकर बाइक सवार की मौत व साथी घायल

**पोस्टमार्टम**

**8 सूचना के बाद पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

डली औद्योगिक क्षेत्र में बोलेरो गाड़ी में टकराकर बाइक चालक युवक की मौत हो गई और उनका साथी घायल हो गया। दोनों को उनके साथ दूसरी बाइक पर चल रहे उनके साथी ने दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया था। सूचना के बाद पहुंची कुंडली




थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

उत्तर प्रदेश के जिला कन्नौज के गांव टीका नगला निवासी अंशु ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह कुंडली में किराए पर रहते हैं, फैक्टरी में नौकरी करते हैं। उनके गांव के दीपक व शिवम साथ रहते थे,

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी कर रहे थे। अंशु ने बताया कि बुधवार को दीपक और शिवम बाइक पर सवार होकर फैक्टरी के लिए निकले थे। उनके पीछे वह अपनी बाइक पर चल रहे थे। जब वह फैक्टरी एरिया के सेक्टर-56 में पहुंचे तो संपर्क मार्ग से एक बोलेरो गाड़ी चालक बिना इंडिकेटर दिए सीधे मुख्य मार्ग पर अपनी गाड़ी लेकर आए दीपक व शिवम बाइक समेत उस गाड़ी में टकरा गए। इससे दोनों सडक पर गिर गए। दीपक के सिर व हाथ-पैर और शिवम के सिर, मुंह व हाथ पर चोट लगी।

राह चलते लोगों की मदद से दोनों को सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान दीपक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिवम की हालत गंभीर बताई और दिल्ली के हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां से परिजन उसे उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद ले गए हैं। पुलिस ने अंशु के बयान पर केस दर्ज कर लिया है।

## कनाडा मे रह रहे रिश्तेदार का एजेंट बन छह लाख रुपये हड़पने का आरोपित काबू

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

कनाडा में रह रहे रिश्तेदार का एजेंट बन पक्की नागरिकता का झांसा दे छह लाख रुपये हडपने के एक आरोपित को गुरुवार को साइबर थाना पुलिस ने काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

गांव निम्नाबाद निवासी कुलविंद्र ने गत चार अप्रैल को साइबर थाना को दी शिकायत में बताया था कि उसके ससुर गांव खतौली जिला पटियाला पंजाब निवासी गुरूचरण सिंह ने फोन पर बताया था कि उसकी साली का लड़का जुझार सिंह कनाडा में रह रहा है। वहां की पक्की नागरिकता के लिए उसे छह लाख रुपये की जरूरत है। उसके ससुर गुरूचरण ने उसका मोबाइल नंबर दे दिया। कुछ समय के बाद उसके मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल आई और बताया कि वह जुझार सिंह का एजेंट बोल रहा है। जिसे पक्की नागरिकता के लिए छह लाख रुपये की जरूरत है। राशि को पीएनबी के दिए गए खाते में डाल दो। जिस पर उसने दिए गए खाता में छह लाख रुपये डाल दिए।

कुछ समय के बाद पता चला कि किसी व्यक्ति ने रिश्तेदार का एजेंट बन कर छह लाख रुपये की राशि को हडप लिया। जिस नंबर से उसके ससुर के पास कॉल आई उसका कोड कनाडा का था। जिस नंबर से उसके पास कॉल आई उसका कोड भारतीय था। साइबर थाना पुलिस ने कुलविंद्र की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो सुलमान नगर दिल्ली निवासी नवीन का नाम सामने आया। साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नवीन को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## खूंटेल पट्टी में बसपा प्रत्याशी को बांधा साफा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

खूंटेल पट्टी में दंगल के दौरान बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह को साफा बांधा गया। इस दौरान सुरेश सिंह ने कहाकि वह सरदारी के साफा का की आन, बान और शान को अपनी जान देकर भी कायम रखेंगे। सुरेश सिंह ने कहा कि यह तो चुनाव है वह हमेशां खूंटल पट्टी के लिए जी जान से तैयार रहे हैं। सरदारी का मान हमेशां सर्वोपरि रहा है। इस दौरान खूंटैल पट्टी के गांवों की सरदारी का भी सुरेश सिंह ने आभार जताया और कहा कि वह इस सम्मान के लिए आजीवन ऋणी रहेंगे। उन्हें अपनों से इतना प्यार मिल रहा है, जिसे वह शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं। यह पंचायत सौंख में हुई। दंगल में सौंख के अलावा मगोर्रा, बछगांव, देविया, फौंडर, जाजनपट्टी, सवला, सेवला, अक्खा आदि गांवों के अलावा आसपास के गांवों से बडी संख्या में लोग पहुंचे।

## आकाश के अंदाज से समर्थकों को आ गया आनंद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की राजनीति में पदार्पण के बाद मथुरा में यह पहली जनसभा थी। गुरुवार को मथुरा में यमुना पार लक्ष्मी नगर स्थित ईंट मंडी स्थल पर आकाश आनंद मथुरा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आये थे। बसपा समर्थकों को आनंद के अंदाज को देखने और उनके राजनीतिक विचारों को सुनने की ललक थी। आनंद को सुनने के लिए बडी संख्या में युवा भी पहुंचे। आनंद बसपा की नई



उम्मीद हैं, समर्थक इस बात से अनभिज्ञ नहीं थे। बसपा की रैली में जिस तरह का मंच लोग देखते आए हैं। आनंद की चुनावी सभा का मंच वैसा नहीं था। खुशमिजाज और लोगों के साथ मिलनसार आनंद का आंजद समर्थकों को भा गया। आनंद का भाषण भी एकतरफा संवाद नहीं रहा, भाषण के दौरान वह लगातार श्रोता समूह से जुडे रहे। एक अवसर तो ऐसा भी आया जब भाषण को बीच में रोक कर उन्होंने एक युवा को मंच पर बुलाया और पूछा कि किसी के घर पर बुलडोजर चला देना कितना उचित है। इस तरह उन्होंने खुद को युवा सोच के साथ जोड कर नए भारत के अपने विजन को लोगों के सामने रखा। विरोधी राजनीतिक दलों की आलोचना करते समय भी उन्होंने सौम्यता और मयार्दा की हदों का पूरा पालन किया और उनके पूरे भाषण में सौम्यता की अनूठी झलक थी। बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, विकास और राष्ट्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर बेबाकी से अपने विचार रखे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती सरकार के दौरान चलाई गई योजनाओं और उस दौरान की कानून व्यवस्था का खाका भी लोगों के मस्तिष्क में बखूबी खींचा और वर्तमान सरकार तथा दूसरी राजनीतिक पार्टियों की सरकारों के साथ इसकी तुलना की। धर्म, जाति की राजनीति पर भी वह खूब बोले।

## स्कूल में जरूरत 22 अध्यापकों की, बच्चों को पढ़ा रहे हैं मात्र पांच टीचर

**पाठशाला**

**8 प्राथमिक पाठशाला में अध्यापकों की कमी ने छात्रों की शिक्षा का गणित बिगाड़ दिया है।**

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**

कैथल जिले के गांव ढांड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में अध्यापकों की कमी ने छात्रों की शिक्षा का गणित बिगाड़ दिया है। इस स्कूल में 31 मार्च को लगभग 550 बच्चे पढ़ाई कर रहे थे लेकिन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही अंतर्जिला स्थानांतरण के कारण विद्यालय में घटकर केवल 5 अध्यापक शेष रह गए हैं।




शिक्षा का अधिकार कानून के तहत हर 25 विद्यार्थियों के लिए एक शिक्षक की नियुक्ति की जानी आवश्यक है, जिसके आधार पर विद्यालय में लगभग 22 अध्यापक पद बनते हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 5 ही अध्यापक कार्यरत हैं। वर्ष 2020 में हुई अंतर्जिला स्थानांतरण के कारण भी इस विद्यालय में कार्यरत 17 अध्यापकों में से 7 अध्यापकों की बदली दूसरे जिलों में हुई थी, लेकिन जिले में बाहर से आए किसी भी अध्यापक को यह स्कूल अलॉट नहीं किया गया। विद्यालय में पिछले 4 साल से केवल 10 अध्यापक ही कार्य कर रहे थे। रही-सही कसर वर्ष 2024 में हुई अंतर्जिला स्थानांतरण ने पूरी कर दी। इसमें 10 में से 6 अध्यापक अपने मनपसंद जिलों में स्थानांतरण करवा कर चले गए। इन तबादला करवाकर गए 6 टीचरों के बदले में स्कूल को केवल एक अध्यापक मिली। जिला के अनेक स्कूलों में स्वीकृत पदों से ज्यादा अध्यापक कार्यरत होने के बाद भी अधिकारियों ने इस स्कूल में अध्यापकों का आंतरिक समायोजन भी नहीं किया। इससे स्कूल की छात्र संख्या कम हो रही है तथा पढ़ाई का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

**आचार संहिता के बाद लिया जाएगा संज्ञान: दहिया**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया ने बताया कि विभाग द्वारा उच्चाधिकारियों को स्कूल में खाली पदों को लेकर रिपोर्ट भेज दी गई है।

जैसे ही अध्यापकों की ट्रांसफर्र होगी तो ढांड प्राथमिक पाठशाला में अध्यापक नियुक्त कर दिए जाएंगे। सरोज दहिया ने बताया कि फिलहाल चुनावों के चलते आचार संहिता लगी हुई है, इसके बाद संज्ञान लिया जाऐगा, अगर कुछ अध्यापकों की एडजस्टमेंट पर विचार किया जाऐगा।

## महिला पर तेल छिड़क जलाने की कोशिश, चार पर मामला दर्ज

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

सिविल लाइन थाना पुलिस ने भारत नगर में महिला पर डीजल छिड़क आग लगाने की कोशिश करने पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ जान लेने की कोशिश करने समेत विभिन्न धाराओं के गुरुवार को तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

भारत नगर निवासी प्रीति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी लगभग पांच साल पहले नीरज के साथ हुई थी। उसके पति के एक महिला के साथ अवैध



संबंध हैं। जिसके बारे में ससुरालीजनों को बताया लेकिन कोई मदद नही की। बीती रात उसका पति शराब पीकर दूसरी महिला के उकसावे पर आया और उसके साथ मारपीट करते हुए डीजल छिड़क आग लगाने कोशिश करने लगा। उसका ससुर भी मौके पर था। जबकि उसकी सास को बाहर भेज दिया गया था। किसी तरह उसने अपने परिजनों का फोन कर घटना के बारे में अवगत कराया। जिन्होंने उसे बचाया और नागरिक अस्पताल मे दाखिल करवाया।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने प्रीति की शिकायत पर नीरज, सीमा, सिलक राम, सतीश के खिलाफ जान लेने की कोशिश करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 12 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# कांग्रेस राम की शक्ति को नहीं जानती: सीएम शर्मा

## मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसवाड़ा में कांग्रेसी ही पंजे (कांग्रेस चुनाव चिन्ह) का विरोध कर रहे हैं, इसलिए, कांग्रेस में से भी राम निकल गए

**तंज कसा**

**कांग्रेस में कोई कहता है मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। कोई कहता है कि जबरदस्ती चुनाव लड़ा दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भरतपुर:** भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में सभा करने कठूमर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसवाड़ा में कांग्रेसी ही पंजे (कांग्रेस चुनाव चिन्ह) का विरोध कर रहे हैं। इसलिए, कांग्रेस में से भी राम निकल गए। कांग्रेस में कोई कहता है मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। कोई कहता है कि मुझे जबरदस्ती चुनाव लड़ा दिया। टिकट वापस हो गए। कठूमर विधानसभा में गुरुवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इसमें अलवर, भरतपुर और डीग जिले के नेता मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने रामलला को काल्पनिक बताया, इसलिए कांग्रेस से राम चले गए। बांसवाड़ा में खुद कांग्रेस हाथ के पंजे का विरोध कर रही है। कांग्रेस ने गरीबी हटाने का सिर्फ नारा दिया जबकि इनका कांग्रेस से कोई नाता नहीं। कांग्रेस राम की शक्ति को नहीं जानती। इसलिए कांग्रेस में से भी राम निकल गए। बांसवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी ने फॉर्म भर दिया। केंद्र की कांग्रेस कह रही है कि फॉर्म वापस लीजिये। प्रत्याशी फॉर्म वापस लेने से मना कर रहा है। जब प्रत्याशी ने फॉर्म वापस नहीं लिया तो कांग्रेस अपने हाथ का ही विरोध कर रही है। राम को काल्पनिक बताने वाले लोगों से राम निकल चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की राष्ट्रीय संस्कृति को मजबूत करने का काम किया है। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले इस देश की स्थिति क्या थी। कांग्रेस की सरकार में आये दिन घोटाले होते थे। लोगों के मन में यह जिज्ञासा पैदा होने लग गई की इस देश का क्या होगा। यही नहीं आए दिन आतंकी आते थे किसी बड़े शहर में बम फोड़कर चले जाते थे। 2014 के बाद ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकियों को उनके घर में सबक सिखाने का काम किया। कांग्रेस हमेशा

# कमल परिवार की सोच के साथ देश के विकास में भागीदार बनें: अर्जुनराम मेघवाल

**डबल इंजन**

**क्षेत्र की जनता की बदौलत ही आज वे बीकानेर की पैरवी देश की सबसे बड़ी पंचायत में कर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर:** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने सुरपुरा, सलूण्डिया, अणखीसर, धुपालिया, जैसलसर, मैनसर, बग्नेऊ, गजसुखदेसर क्षेत्र का दौरा किया। जनसंपर्क के दौरान अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हमारा परिवार कमल परिवार की सोच के साथ हम सभी को देश के विकास में भागीदार बनना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की बदौलत ही आज वे बीकानेर की पैरवी देश की सबसे बड़ी पंचायत में कर रहे हैं। लोगों के आशीर्वाद से तीन बार क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। जनता के उत्साह और स्नेह को देखकर लगता है कि इस बार जनता ओर अधिक प्यार मतों के रूप में मुझे देकर संसद भेजेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सूरज अस्त हो रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। जबकि भाजपा और मोदी ने देश की जनता के साथ किया प्रत्येक वादा निभाया है। इससे जनता में भाजपा के प्रति विश्वास और अधिक प्रगाढ़ हुआ है। पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रदेश की जनता ने राजस्थान में भाजपा को बहुमत दिलाया है। अब डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

**फास्ट न्यूज**

## प्रशिक्षण में 60 कर्मचारी रहे गैरहाजिर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण जारी है। गुरुवार को अवकाश के दिन भी दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 60 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने इस मामले में गैरहाजिर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सिविल लाइन में कांठ रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक (पुरुष) एवं राजकीय पॉलिटेक्निक (महिला), में दो पालियों के दौरान कर्मचारियों ने मतदान के लिए प्रशिक्षण हासिल किया। दोनों पालियों में कुल 546 पीठासीन अधिकारियों की तुलना में 530 पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान 16 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। कुल 546 प्रथम मतदान अधिकारियों की तुलना में 532 प्रथम मतदान अधिकारी उपस्थित रहे। 14 प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। 546 द्वितीय मतदान अधिकारियों में 532 ही मौजूद रहे। इस दौरान 14 द्वितीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। 548 तृतीय मतदान अधिकारियों में से 530 लोग मौजूद रहे। 16 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 2122 कर्मचारी उपस्थित पाए गए।

## माता विशालाक्षी मंदिर में श्रृंगार सामग्री अर्पित होगी

**वाराणसी:** वासंतिक चैत्र नवरात्र में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास प्रतिदिन एक नई सकारात्मक पहल कर रहा है। इसी श्रृंखला में मंदिर न्यास ने काशी में स्थित शक्तिपीठ माता विशालाक्षी की श्रृंगार सामग्री श्री काशी विश्वनाथ धाम से अर्पित करने का निर्णय लिया है। न्यास ने हाल ही में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर द्वारा वाराणसी एवं प्रांतर क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी सनातन पूजा पाठ में सहभाग के संबंध में पहल की आवश्यकता रेखांकित की थी। इसी क्रम में यह श्रृंगार समर्पण की पहल प्रारंभ की जा रही है। गौरतलब हो कि बाबा का ज्योतिर्लिंग तथा शक्तिपीठ सन्निकट स्थित हैं। इस सुयोग के दृष्टिगत न्यास ने यह पहल की है कि इस नवरात्र से प्रारंभ कर प्रत्येक नवरात्र पर्व पर देवी के समस्त सोलह श्रृंगार एवं पर्व वस्त्र का समर्पण ज्योतिर्लिंग पीठ से काशीपुराधिपति श्री विश्वनाथ महादेव द्वारा किया जाय। यह सनातन धर्म के शैवश्च्शाक्त मत की अभिन्नता के प्रकटीकरण का एक सुंदर दृष्टांत होगा।

# लोस चुनाव: रायबरेली में कांग्रेस की 'डिले टैक्टिस



**विरोधी पर नजर**

**रायबरेली में उम्मीदवार घोषित करने में पार्टी अब किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** भाजपा की चुनावी चाल से सतर्क कांग्रेस अब डिले टैक्टिस पर काम कर रही है। रायबरेली में उम्मीदवार घोषित करने में पार्टी अब किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। यह जरूर है कि विरोधी खेमे पर नजर रखते हुए कांग्रेस जमीनी तैयारी में जुट गई है। दिल्ली से मिले संकेत के बाद बूथ स्तर तक बैठकों का दौर तेजी से चल रहा है। माना जा रहा है कि प्रियंका वाड्रा गांधी की यहां से उम्मीदवारी तय है और इंतजार केवल भाजपा के पत्ते खुलने का है। रायबरेली में कांग्रेस की रणनीति यह है कि वह भाजपा की पहल का इंतजार करे, इसलिए वह डिले टैक्टिस अपना रही है। कांग्रेस की रणनीति यह है कि इसके लिए भाजपा के पास ज्यादा समय न रहे।' दिल्ली से मिले खास संकेतों से कांग्रेस के स्थानीय कार्यकताओं में जोश व उत्साह है। सोशल मीडिया से लेकर पार्टी के संगठन में बैठकों का दौर जारी है। मजेदार बात यह है कि एक सप्ताह पहले तक ढीले बैठे नेता भी खासा सक्रिय हैं और बूथ स्तर की बैठकें ले रहे हैं। कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी की बात जमीनी कार्यकर्तों को बताई जा रही है और रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के करीब 1800 बूथों पर पहुंचने की कवायद है। महत्वपूर्ण बात है कि इन सभी की निगरानी पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा की जा रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे मंगलवार को रायबरेली में थे और उन्होंने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया व अहम बैठक भी ली। इसके अलावा भी कई नेता भी कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताअें से फीडबैक ले रहे हैं।

# विक्षोभ से सहमा पारा: राजस्थान में गर्मी के तेवर नरम



**बारिश हुई**

**जिलों में तेज गर्मी रही। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान में कल से मौसम बदला हुआ है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तेज गर्मी रही। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई। बाड़मेर और जैसलमेर में कल सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा सीजन में पहली बार 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। अलवर, जयपुर, चूरू समेत कुछ जगहों पर हल्की बारिश के बाद तापमान गिरा। यहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम केन्द्र जयपुर ने 13 अप्रैल को एक स्ट्रॅान्ग सिस्टम आने से पश्चिमी राजस्थान में अंधड़ चलने की आशंका जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने 13 और 14 अप्रैल को चौदह जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए प्रशासन को सतर्क किया है। प्रदेश में अगले दो-तीन दिन गर्मी के तेवर नरम रहने वाले हैं। प्रदेशवासियों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलना तय है। मौसम विभाग ने दो-तीन दिन विक्षोभ के असर से प्रदेश के पूर्वी इलाकों में अंधड़ और बारिश का दौर सक्रिय रहने का अलर्ट दिया है। बीती रात जयपुर समेत कई जिलों में रात के तापमान में तीन चार डिग्री तक गिरावट होने पर मौसम में ठंडक महसूस हुई है। बीते 24 घंटे में जयपुर समेत कई जिलों में तेज अंधड़ के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। धौलपुर जिले के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि से फसलों को खासा नुकसान हुआ। मौसम विभाग ने आज कोटा, जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 13 और 14 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, जयपुर, भरतपुर में 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ चलने की आशंका है।

# आक्रोशित गद्दी समुदाय ने किया चुनावों में उतरने का ऐलान

**धर्मशाला:** हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के राज्य मुख्य वक्ता रमेश भोला ने धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा भाजपा-कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों दलों की सरकारों ने इस समुदाय को हमेशा वोट बैंक के रूप में ही इस्तेमाल किया जबकि उनकी मांग को लेकर कोई कदम नही उठाया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही गद्दी समुदाय की सात उपजातियों के नेताओं व विभिन्न मंचों के खिलाफ भी आक्रोश जताया है। उन्होंने लगातार वंचित उपजातियों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वह चुनावी मैदान में उतरेंगें।

# फसल नुकसान की भरपाई करेगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मप्र के अलग-अलग** जिलों में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खरीदी केन्द्रों पर गेहूं भीगने के समाचार सामने आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए फसल नुकसान की भरपाई की जाएगी। वे इस मामले को लेकर गंभीर हैं। हमारी सरकार किसानों को मदद के लिए प्रतिबद्ध है। हमने इस संबंध में चुनाव आयोग को लिखा है। मुआवजा देना होगा तो देंगे। किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जो भी कदम उठाने होंगे हम उठाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओलावृष्टि और गेहूं खरीदी को लेकर प्रशासन को निर्देश दिये है। किसी भी जिले में जनहानि, पशुहानि या किसी प्रकार का नुकसान होगा तो सरकार उसके प्रति गंभीर रहेगी। उसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए मुआवजा दिया जाएगा, प्रदेश सरकार इसके लिए कृत संकल्पित है। डॉ यादव ने कहा कि गेहूं को कवर्ड परिसर में रखने के निर्देश जारी किये गए हैं। 80% अनाज पहले से कवर्ड परिसर में है, लेकिन जो ओपन में है, उसको भी सुरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। गेहूं की जो फसल आ रही है, उसकी चमक कमजोर थी।

# राकेश टिकैत ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन



**भगवान दर पर**

**वर्तमान सरकार इस देश के किसानों को मजदूर बनना चाहती है। बिहार को तो पूरा मजदूरों का राज्य बना दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने गुरूवार को किसानों के बहाने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इस देश के किसानों को मजदूर बनना चाहती है। बिहार को तो पूरा मजदूरों का राज्य बना दिया है। शहर में आए राकेश टिकैत ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में विधिवत हाजिरी लगाने के बाद पत्रकारों से भी बातचीत की। भगवा रंग की पगड़ी बांधे किसान नेता से इसको लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह रंग सबका है। हर समाज व संत-महात्माओं का भी है। लोकसभा चुनाव में किसके साथ रहेंगे के सवाल पर टिकैत ने कहा कि हम किसी के साथ नहीं हैं। जिसको जहां इच्छा है वे उसे अपना वोट दें। हमारे आंदोलन में दोनों लोग रहते हैं। उन्होंने एक सवाल के जबाब में कहा कि पूर्वांचल में संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को जोड़ा जा रहा है। इसके पहले बुधवार को जनपद चंदौली के सकलडीहा पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत का भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रात लगभग 08 बजे यूनियन कार्यालय में चौधरी राकेश टिकैत,राष्ट्रीय सचिव राजवीर सिंह जादौन, युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप तिवारी के नेतृत्व में मौजूद पदाधिकारियों संग बैठक की।

# इबादत: ईदगाह पहुंच खुदा के आगे झुके हजारों सिर



**टीम एक्शन इंडिया**

**औरैया:** रमजान के एक महीने के रोजे के बाद भाईचारे का सन्देश देने वाला खुशियों का पर्व ईद उल फितर जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास और खुशी के साथ मनाया गया। इस मौके ईदगाह में ईद की नमाज अता करने के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे। नए-नए कपड़े पहनकर पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर रब के आगे अपने सिर को झुकाकर ईद की नमाज अता की। इस दौरान नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी तथा एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारकबाद देकर खुशियां बांटी। खुशियों का पर्व ईद बड़े ही हर्सोल्लास एवं पुरसुकून माहौल में मनाया गया। सुबह से ही लोग ईदगाह में नमाज अता करने की तैयारियों में व्यस्त हो गए। ईदगाह जाने वाले रास्तों में नमाजियों की काफी भीड़ भाड़ देखने को मिली। वहीं छोटे छोटे बच्चों ने भी ईदगाह पहुंच कर वहां लगे मेले से खेल खिलौने खरीदे और ईद का जमकर लुत्फ उठाया। पवित्र माह रमजान के तीस रोजे पूरे होने के बाद बुधवार को ईद का चांद नजर आया और गुरुवार को ईद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय में कई दिन पहले ही ईद की तैयारियां शुरू हो गईं थी। गुरुवार को ईद के दिन खुशी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान जनपद की जमालशाह स्थित ईदगाह में शहर काजी सैय्यद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती ने साढ़े सात बजे ईद की नमाज अता कराई। फफूंद नगर की बाईपास स्थित ईदगाह में सैय्यद नवाज अख़्तर चिश्ती ने आठ बजे, जामा मस्जिद आस्ताना आलिया में कारी सैय्यद मन्जर चिश्ती ने साढ़े आठ बजे तथा चपटा स्थित ईदगाह में मौलाना सैय्यद मुजफ्फर चिश्ती ने साढ़े सात बजे और बाबा का पुर्वा स्थित ईदगाह में मौलाना कारी राशिद ने आठ बजे अमन व सादगी के साथ ईद की नमाज अता कराई।

# घोटालों संबंधी वायरल वीडियो बढ़ा रहे बसपा प्रत्याशी का सिर दर्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौर:** लोगों से कई हजार करोड़ का घोटाला करने वाले बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे विजेंद्र सिंह के विरुद्ध घोटाले की हो रही वीडियो वायरल के बाद उनकी तकलीफें बढ़नी शुरू हो गई है ।

वीडियो वायरल होने के बाद जनता में तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। जो प्रत्याशी चुनाव से पहले ही आम लोगों के साथ इतना बड़ा घोटाला कर चुका हो, वह चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के काम कैसे आ सकता है वहीं बसपा पर भी एक घोटालेबाज को टिकट देने के आरोप लग रहे हैं । उल्लेखनीय है कि बाइक बोट घोटाले के नाम से चर्चित मामले में विजेंद्र सिंह का नाम भी शामिल रहा है। यह घोटाला लगभग 15000 करोड़ से अधिक का बताया गया था जिसके खुलने के बाद एक मुख्य आरोपी पकड़ा गया था जो जेल में है तथा विजेंद्र सिंह फरार होकर विदेश जाने में सफल रहे थे।

# दौसा लोकसभा सीट प्रतिष्ठा की सीट बनी

**रोमांचक**

**बीते दिनों यहां यूपी के मुखिया सीएम योगी ने भाजपा के कन्हैया लाल के पक्ष में एक जनसभा की थी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**दौसा:** दौसा लोकसभा सीट राजनीतिक गणित के हिसाब से प्रतिष्ठा की सीट बनी हुई है। यही वजह है कि यहां लगातार बड़े नेताओं के दौरे हो रहे हैं। बीते दिनों यहां यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने लालसोट में भाजपा के कन्हैया लाल के पक्ष में एक जनसभा की थी। वहीं बुधवार को राजस्थान के मुखिया भजनलाल भी सिकराय में एक जनसभा करके कन्हैया लाल के पक्ष में वोट अपील करने पहुंचे थे। दो प्रांत प्रमुख के बाद अब खुद देश के मुखिया नरेंद्र मोदी 12 अप्रैल को दौसा में रोड शो करने आ रहे हैं। वैसे तो दौसा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के कई दिग्गज और भाजपा के कई दिग्गज चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के इस हॉट सीट पर आने और रोड शो करने के बाद ये सीट प्रतिष्ठा की सीट बन जाएगी। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर एक तरफ प्रशासन मुस्तैदी से काम करता नजर आ रहा है।

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर लेकर भाजपा पदाधिकारी भी सतर्क हैं।

**प्रतियोगिता**

## भाजपा ने इसे सपा का ढोंग मानते हुए हिन्दुओं से डरने का आरोप लगाया है

# मुसलमानों को आरक्षण देने वाली सपा के घोषणा पत्र में जिक्र नहीं



**सियासी बिसात**

**2014 के बाद से ही समाजवादी पार्टी ने मुसलमान शब्द को अपने घोषणा पत्र से हटा दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी(सपा) ने चुनावी घोषणा पत्र गुरुवार को जारी किया, जिसमें रोटी का अधिकार, महंगाई से निजात, सामाजिक समरसता की बात तो की गयी है, लेकिन मुसलमानों का कहीं भी जिक्र नहीं है। इसे हिंदू ध्रुवीकरण को रोकने के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं भाजपा ने इसे सपा का ढोंग मानते हुए हिन्दुओं से डरने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि 2014 के बाद से ही समाजवादी पार्टी ने मुसलमान शब्द को अपने घोषणा पत्र से हटा दिया है। इससे पहले 2014 में समाजवादी पार्टी ने मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में नौकरियों में आरक्षण देने का वादा किया था। यही नहीं आतंकवाद के झूठे आरोपों में जेलों में बंद बेकसूर मुसलमानों को रिहा कराने का भी वादा किया गया था, लेकिन समाजवादी पार्टी के इस घोषणा के बावजूद भाजपा ने 71 सीटों पर कब्जा कर लिया और दो सीटें उसकी सहयोगी पार्टी अपना दल एस ने जीत लिया। इसके बाद से ही सपा ने मुसलमानों के लिए विशेष घोषणा करना बंद कर दिया। 2019 में भी समाजवादी पार्टी ने मुसलमानों के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की थी। उसका 2019 में बसपा के साथ गठबंधन था। इसके बावजूद 2019 में भी पांच सीटें ही जीत पायी। अब फिर 2024 के घोषणा पत्र में समाजवादी पार्टी ने चालाकी से मुसलमानों के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि अफजाल अंसारी को गाजीपुर से टिकट देकर अखिलेश यादव ने मुस्लिम वोट को अपनी तरफ आकर्षित करने की रणनीति है। कभी मुख्तार और अफजाल अंसारी को अपनी पार्टी में लेने के कारण ही अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल यादव को पार्टी से निकाल दिया था। उसको मुसलमान कैसे भूल सकता है। अब मुख्तार अंसारी की मौत पर अखिलेश यादव घर जाकर सहानुभूति जता रहे हैं।